दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 279 | जयपुर, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 I भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### भागवत ने बैठक में प्रचारकों से ली जानकारी



**अलवर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने अलवर में अपने प्रवास के तहत सोमवार को संगठनात्मक बैठक की और प्रचारकों से जानकारी ली। उन्होंने दो सत्रों में संघ प्रचारकों से संघ के कार्य के बारे में 'फीडबैक' लिया तथा संगठन के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए कार्य विस्तार एवं दृढ़ीकरण पर मार्गदर्शन किया। वे गुरु गोविन्द सिंह विद्यार्थी शाखा में शामिल हुए। मंगलवार को भागवत बालनाथ आश्रम में श्री महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल होंगे। वह वहां वृक्षारोपण भी करेंगे।

### पाक से बाड़मेर आया गुब्बारा, तय की 100KM दूरी



**बाड़मेर**। भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर से करीब 100 किमी दूर बाड़मेर के एक खेत में ऐरोप्लेन शेप पर पाकिस्तान लिखा गुब्बारा मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। सूचना पर पुलिस व सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। संभवतः गुब्बारा हवा में उड़ता हुआ बॉर्डर के इलाके में पहुंचा है। गुब्बारे पर अंग्रेजी में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा है, वहीं उर्दू में भी कुछ प्रिंट है। गुब्बारा इतनी दूरी तक कैसे पहुंचा, इसको लेकर पुलिस और सेना की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## भारत एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के फाइनल में, आज भारत का फाइनल मुकाबल चीन से

# सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 4-1 से हराया, कप्तान के 2 गोल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत छठी बार एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने साउथ कोरिया को 4-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार छठी जीत है। भारत के लिए सबसे ज्यादा 2 गोल कप्तान हरमनप्रीत ने किए। उनके अलावा उत्तम सिंह, जरमनप्रीत ने 1-1 गोल किया। साउथ कोरिया की तरफ से यंग जी हुन ने गोल किया। फील्ड गोल के लिए जरमनप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत फाइनल में मंगलवार को मेजबान चीन से खेलेगा। यह मुकाबला भारतीय टाइमिंग के हिसाब से दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। चीन ने पाकिस्तान को पहले सेमीफाइनल के पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया।





### पहले क्वार्टर में भारत ने बनाई 1-0 की बढ़त

मैच के पहले ही मिनट से भारत ने कोरिया पर दबाव बनाया। भारत ने कोरिया की डी पर एक के बाद एक कई मौके बनाए। क्वार्टर के 13वें मिनट में उत्तम सिंह ने गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने आरईजीत सिंह हुंदल के असिस्ट पर फील्ड गोल किया। इससे पहले, भारत ने चौथे और पांचवें मिनट में गोल के दो मौके गंवाए। यहां अभिषेक ने पहले रिवर्स स्टिक से गोल करने की कोशिश की, लेकिन कोरियन गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। इसके बाद उत्तम सिंह ने डी के अंदर डिफ्लेक्ट करके बॉल रहील को दी जिसे रहील गोल में कन्वर्ट करने में नाकाम रहे। कोरिया को इस क्वार्टर में 2 पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिसे टीम भुना नहीं पाई।

### हाफ टाइम से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने किया गोल

मैच के 19वें मिनट में सरपंच साहब के नाम से मशहूर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने भारत को मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया। अभिषेक के इंजेक्शन में हरमन ने सीधा शॉट लिया और बॉल कोरियन डिफेंडर से डिफलेक्ट होकर गोल में चली गई। इसके बाद 27वें मिनट में भारतीय डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह ने सुखजीत को एरियल पास दिया, जिस पर सुखजीत गोल नहीं कर पाए। इस क्वार्टर के बाद भारत 2-0 से आगे था। तीसरे क्वार्टर के शुरुआत में भारतीय डिफेंडर ने बढ़त 3-0 कर दी। यहां जरमनप्रीत ने अकेले बॉल आगे लाते हुए डी के बाहर से फील्ड गोल किया। मैच के 33वें मिनट में कोरिया के ड्रैगफ्लिकर यंग जी हुन ने पेनल्टी कॉर्नर सं गोल किया। इसके बाद हरमनप्रीत ने तीसरे क्वार्टर के 46वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट करके भारत को 4-1 से आगे कर दिया।

## प्रधानमंत्री ने किया चौथी वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक का उद्घाटन

# अनुकूल निवेश नीतियों से राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की पसंद

### सौर ऊर्जा क्षमता में प्रथम व नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता श्रेणी में हासिल किया द्वितीय स्थान

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सोमवार राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। यहां का भड़ला सोलर पार्क 2 हजार 245 मेगावाट स्थापित सोलर क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 गीगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से लगभग 470 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित हो रही है और 32 गीगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। साथ ही, राज्य में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा के उत्पादन की संभावनाएं हैं। हम वर्ष 2031-32 तक 115 गीगावाट सौर एवं पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

सीएम शर्मा सोमवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीबिशन सेंटर में चौथी वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक और एक्सपो (री-इन्वेस्ट 2024) में बोल रहे थे। इस एक्सपो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार बिजली क्षेत्र में सुधारों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने 'विकसित राजस्थान 2047' के संकल्प को पूरा करने के लिए अगले 10 वर्षों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है।



### प्रदेश के सभी जिलों में आदर्श सौर ग्राम हो रहे विकसित

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान के सभी जिलों में आदर्श सौर ग्राम विकसित किए जा रहे हैं। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए में 228 मेगावाट की सोलर परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं और 300 मेगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। कम्पोनेंट-सी के तहत राज्य को 4 हजार 524 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का आवंटन किया गया है।

### राइजिंग राजस्थान से आएगा ऊर्जा क्षेत्र में निवेश

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वैश्विक सहयोग, तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और निवेश की सहायता से प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आएगा। राजस्थान में गत 9 महीनों में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपए के एमओयू किए हैं। साथ ही, केंद्र सरकार ने राज्य में 5 हजार 292 मेगावाट क्षमता के तीन अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क भी स्वीकृत किए हैं। राज्य में 7 गीगावाट क्षमता की पंप स्टोरज परियोजनाओं हेतु 8 साइट चिह्नित की जा चुकी हैं। पंप स्टोरेज परियोजनाओं की स्थापना प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए नई पॉलिसी बनाई जा रही है।



### राजस्थान को किया गया सम्मानित


गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 200 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राजस्थान को समारोह में सम्मानित किया गया। राज्य ने कुल सोलर ऊर्जा क्षमता श्रेणी में सर्वोच्च उपलब्धि हासिल करते हुए देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की श्रेणी में राजस्थान द्वितीय स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों से यह पुरस्कार ग्रहण किए।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद येस्सो नाइक सहित विभिन्न देशों एवं राज्यों के प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सहमति के बाद हो गया था धरना समाप्त

# जहाजपुर में तीसरे दिन भी बाजार नहीं खुले



**बेधड़क** | जहाजपुर

शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बाजार बंद रहे, हालांकि रविवार देर रात हिंदू संगठनों और प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। फिर भी, सोमवार को बिना किसी अधिकारिक आह्वान के भी स्वैच्छिक बंद रखा गया।

बंद शाहपुरा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में है। बंद केवल जुलूस निकलने तक ही रखा गया है। इस बंद का असर शाहपुरा जिला मुख्यालय के अलावा खजुरी, शक्करगढ़, पीपलूंद और काछोला जैसे आसपास के कस्बों में भी देखा गया। लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है।

### बारावफात के जुलूस पर रोक

जहाजपुर में तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से निकाले जाने वाले बारावफात के जुलूस पर रोक लगा दी है। विधायक मीणा के साथ वार्ता के बाद जिला कलेक्टर राजेंद्र शेखावत, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कावत और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करने और प्रशासन का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया।

### ऐसे बनी सहमति

धरना प्रदर्शन के दौरान रविवार रात हिंदू संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। इसके तहत, अवैध केबिनों और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया और स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की गई। सहमति के दौरान प्रशासन ने यह भी घोषणा की है कि अवैध धार्मिक स्थलों की जांच की जा रही है।

### यह है मामला

बता दें, जहाजपुर में एकादशी पर धार्मिक जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के बाद से ही तनाव बना हुआ था। इस घटना के बाद पीतांबर राय भगवान का बेवान, जिसे किले पर ले जाना था, अस्थाई रूप से सोमवार को कल्याणराय जी के मंदिर में रखा गया। प्रशासन और हिंदू संगठनों के बीच सहमति बनने तक अगले तीन दिन तक बेवान को यहीं रखा गया है। प्रशासनिक जांच के बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा।

## राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत इन्वेस्टर्स शो मध्य पूर्व में

# राज्यवर्धन करेंगे आज से यूएई और कतर में इन्वेस्टर्स रोड शो को लीड

- उद्योग मंत्री राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिलेगा निवेशकों से
- दुबई और दोहा में होंगे दो अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोड शो
- अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे

**बेधड़क** | जयपुर

आगामी 9 से 11 दिसंबर को आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से मिलने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर का दौरा 17 से 19 सितंबर के बीच करेगा। उद्योग और वाणिज्य मंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के कई गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा और उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा।

इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल खाड़ी देशों के निवेशकों को इस साल दिसंबर में जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित करेगा।




### ये अधिकारी भी जाएंगे दौरे पर

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के अलावा संयुक्त अरब अमीरात और कतर की यात्रा पर जाने वाले राजस्थान सरकार के इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. जोगा राम, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ सिहाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के एडिशनल कमिश्नर सौरभ स्वामी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

**यह रहेगा कार्यक्रम:** यह प्रतिनिधिमंडल दुबई (यूएई) और दोहा (कतर) में दो अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोड शो में भाग लेगा। इस दौरान कर्नल राठौड़ के नेतृत्व वाला यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर सरकार के गणमान्य व्यक्तियों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई कंपनियों, इन्वेस्टमेंट फंड और इंडस्ट्री चैम्बर्स के अधिकारियों से मिलेगा। इनमें अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी), लुलु इंटरनेशनल, डीपी वर्ल्ड, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), अबू धाबी इन्वेस्टमेंट काउंसिल, मुबाडला इन्वेस्टमेंट, अबू धाबी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, कतर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जैसी कई कंपनियां और संस्थाएं शामिल हैं।

### शो अंतरराष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा

ये इन्वेस्टर्स रोडशो 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतरराष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिसके तहत निवेशकों और व्यापारिक समूहों को प्रदेश में व्यापार हेतु आमंत्रित किया जा रहा है और इसके लिए राजस्थान सरकार का विभिन्न प्रतिनिधिमंडल कई प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक केंद्रों का दौरा कर रहा है या आने वाले समय में दौरा करेगा। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।

## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज आएंगे झुंझुनूं



**जयपुर**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी सुदेश धनकड़ के साथ मंगलवार को झुंझुनूं आएंगे। वे मंगलवार सुबह 8:20 बजे झुंझुनूं पहुंचेंगे। यहां वे शहीद परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'स्वच्छ राजस्थान' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सोमवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसपी शरद चौधरी, आयुक्त अनिता खीचड़ आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम गहलोत ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**जयपुर**। पेट्रोल-डीजल के दाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 21 फीसदी कम हुई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में कटौती के हिसाब से पेट्रोल-डीजल की कीमतें हों तो पेट्रोल 10 और डीजल 8 रुपए सस्ता हो सकता है। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर कहा कि ऐसा लगता है कि भारत सरकार और तेल कंपनियां मिलकर आम आदमी की जेब लूट रही हैं। गहलोत ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ तो एक तरह से दोगुनी ठगी हुई है।

### RSESL की स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन



**जयपुर**। राजस्थान स्टेट एक्स सर्विसेज लीग (आर.एस.ई.एस.एल.) ने अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती जयपुर मिलिट्री स्टेशन में एसएसओआई के पूर्व भवन 'उत्सव' में मनाई। समारोह के मुख्य अतिथि सैनिक कल्याण बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर थे। कार्यक्रम में 61 सब एरिया के जनरल अफसर कमांडिंग मेजर जनरल आर एस गोदारा तथा सप्त शक्ति कमांड के एम जी आईसी ऐडम मेजर जनरल सतबीर सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद लीग के अध्यक्ष ले.जनरल एस पी एस कटेवा ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया।

**BJP का सदस्यता अभियान:** सीएम, प्रदेशाध्यक्ष सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर करेंगे जनसंपर्क

# 200 विधानसभा क्षेत्रों में आज से 'घर-घर जनसंपर्क महाअभियान'

बेधड़क | जयपुर

भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 'घर-घर जनसंपर्क महाअभियान' 17 से 19 सितंबर तक प्रदेश की सभी 200 विधानसभाओं में एक साथ चलाया जाएगा।

भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित भाजपा के प्रदेश से लेकर जिला पदाधिकारियों द्वारा बूथ पर जाकर घर-घर जनसंपर्क किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर विधानसभा में बूथ पर जाकर जनसंपर्क करेंगे। इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों के प्रवास कार्यक्रम तय कर दिए गए हैं। प्रदेश संयोजक ने बताया कि सदस्यता अभियान महा जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा वरिष्ठ नेताओं द्वारा विभिन्न बूथों पर संपर्क कर आमजन को सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। वहीं अभियान को लेकर बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही महा जनसंपर्क अभियान में प्रवास के दौरान शेष बचे बूथों पर जिला, मंडल पदाधिकारी व टोली के 2-2 सदस्यों की टीम बनाकर प्रवास कार्यक्रम तय करेंगे।



### पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह बगरू विधानसभा क्षेत्र में, मुकेश दाधीच किशनपोल एवं झुंझुनूं विधानसभा, संतोष अहलावत रामगढ़ विधानसभा, नारायण पंचारिया पोकरण विधानसभा क्षेत्र, मोतीलाल मीणा कोटा देहात की पीपलदा विधानसभा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी श्रीगंगानगर विधानसभा, जितेंद्र गोठवाल खंडार विधानसभा क्षेत्र में जाकर बूथ स्तर पर जनसंपर्क करेंगे। इसी तरह प्रदेश मंत्री, जिला प्रभारी, जिला संयोजक, जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री और पूर्व पदाधिकारियों को भी विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा सदस्यता अभियान के सह संयोजक मोती लाल मीणा ने बताया कि अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी सिविल लाइंस विधानसभा में अपने बूथ पर जनसंपर्क करेंगे। मीणा ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रति आमजन में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।



**सीएम ने जुबेर खान और पूर्व मंत्री रोहिताश्व के पुत्र को दी श्रद्धांजलि**

# RSS प्रमुख भागवत से मिले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार शाम अलवर दौरे पर पहुंचे। शर्मा का हेलिकॉप्टर केंद्रीय विद्यालय के मैदान में उतरा। जहां भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओ एवम प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरएसएस कार्यालय केशव कृपा पहुंचे। यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से उन्होंने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अलवर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल रामगढ़ विधायक जुबेर खान के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके घर पहुंचे।

यहां उनके परिजनों से मिलकर उन्होंने संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री टेल्को चौराहे के पास पूर्व मंत्री रोहिताश शर्मा से भी मिले। पिछले दिनों पूर्व मंत्री के बेटे का निधन हो गया था। इस दौरान वन मंत्री संजय शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, विधायक बालक नाथ, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, पूर्व अध्यक्ष संजय नरूका, बन्ना राम मीणा, जय आहूजा, मोहित यादव, रमन गुलाटी सहित जिला कलेक्टर डॉक्टर आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा, एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने किया पौधरोपण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरसंघचालक मोहनराव भागवत ने सोमवार को राजेंद्र नगर में गुरु गोविंदसिंह विद्यार्थी शाखा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। इससे एक दिन पूर्व आरएसएस प्रमुख भागवत अलवर के मातृ वन में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए और यहां पर पौधा भी लगाया। आरएसएस प्रमुख भागवत 17 सितंबर तक अलवर में रहेंगे। इस दौरान वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



# भाजपा नेता सुंदरलाल को श्रद्धांजलि देने पहुंचीं वसुंधरा राजे



बेधड़क | जयपुर

पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता सुंदरलाल को सोमवार को श्रद्धांजलि देने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुहाना के कलवा गांव पहुंचीं। उन्होंने इस दौरान परिवार की महिलाओं को भी बैठकर ढाढ़स बंधाया, वही श्रद्धांजलि सभा में भी वसुंधरा राजे ने काका से जुड़े संस्मरण सांझा किए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि वे अलग ही तरीके से कम्युनिकेट करने वाले व्यक्ति थे लोगों को ढोलक बजाकर गांव वालों के साथ दिल से दिल जोड़ने की बात करते थे। किसी को दुखी नहीं देख सकते थे, जो लोगों को खुश करने के लिए चुटकुले सुनाते थे। भरोंसिंह शेखावत के बहुत करीब थे।

हम लोगों को रास्ता बताने वाले थे। भैरोंसिंह के समय से ही उनको काका के नाम से बुलाते थे। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि एक ऐसा समय आएगा जब इन जैसे व्यक्ति हम लोगों के साथ नहीं होंगे। हम लोगों के लिए तो एक बहुत बड़ी क्षति है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, विधायक विक्रम जाखल, पूर्व सांसद संतोष अहलावत सहित अन्य भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।

**मॉनिटरिंग के लिए बनाई कमेटी**

## जिलों के दौरे पर रहेंगे मंत्री

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी संगठन के साथ-साथ सरकार भी आमजन के लिए विशेष अभियान शुरू करेगी। मंगलवार से प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू होगा, वहीं एक दिवसीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव भी आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में रहने के लिए कहा हैं। मंत्री जिलों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और राजकीय कार्यों के शिलान्यास व लोकापर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रदेश बीजेपी संगठन की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान शुरू होगा। इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सचित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी, पौधरोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से पिछले 10 सालों से संपूर्ण देश में स्वच्छता का अभियान निरंतर जारी है।

### BJP ने सेवा पखवाड़े के लिए किया टोली का गठन

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और गांधी जयंती के अवसर पर बीजेपी देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। सेवा पखवाड़े के लिए प्रदेश बीजेपी ने प्रदेश टोली का गठन भी किया हैं। भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। सेवा पखवाड़े में 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती और दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाएगी।

**8000 युवाओं को वितरित किए जाएंगे नियुक्ति पत्र**

## 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' आज

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। अटकी हुई भर्तियों को तेजी से पूरा करने के साथ ही नई भर्तियों की प्रक्रिया में भी नवाचार किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' का आयोजन कर आठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शर्मा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे तथा जिला मुख्यालयों पर प्रभारी मंत्रियों की मौजूदगी में आयोजित समारोह में उपस्थित नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल माध्यम से संवाद कर उनका उत्साह-वर्धन भी करेंगे।

### CM करेंगे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरुआत

मुख्यमंत्री प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरुआत और मां वाउचर योजना का शुभारंभ भी करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के लगभग 5100 करोड़ रुपए की लागत के 920 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पीएम कुसुम योजना के तहत 5254 करोड़ रुपए की लागत से 608 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। इस अवसर पर पीएम आवास योजना ग्रामीण के 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे एवं 31 हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अध्यक्ष एवं विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्री जोगाराम पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

# सार्वजनिक गणेशोत्सव में पहुंचे राज्यपाल बागडे




बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को सी स्कीम स्थित महाराष्ट्र भवन में आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव में पहुंचे।

उन्होंने महाराष्ट्र के जयपुर रहने वाले लोगों से संवाद किया, वहीं उन्होंने जयपुर महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का भी अवलोकन किया।

बाद में बागडे ने वहां स्थापित भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने गणेश जी की आरती उतारते हुए राष्ट्र तथा राज्य की समृद्धि और संपन्नता की कामना की।

**पाली में शिलान्यास कार्यक्रम में बोले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष**

# कटारिया राजनीति के गुरु, आज के नेताओं को उनसे सीखने की जरूरत

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार को पाली में श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केंद्र संस्थान के नए भवन और भोजन कक्ष के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में भामाशाह परिवार का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए किया गया दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। धन कमाने से कोई इंसान महान नहीं बनता बल्कि जो व्यक्ति सामाजिक सरोकार में धन लगाता है, वह महान कहलाता है। उस इंसान के जाने के बाद भी लोग उनके किए गए कार्यों के लिए उसे याद करते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संस्थान के नए भवन और भोजन कक्ष का शिलान्यास में सहयोग करने वाले भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि पाली परिवार द्वारा शिलान्यास कार्यक्रम में जो मान-सम्मान दिया गया, उसके लिए दिल से आभार एवं धन्यवाद। समाज के कल्याण में भामाशाहों की बड़ी भूमिका है। ऐसे में सामाजिक मंच पर भामाशाहों का सम्मान भी अवश्य होना चाहिए।




इस दौरान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को राजनीति का गुरु बताते हुए कहा कि आज के राजनेताओं को उनसे राजनीति सीखनी चाहिए। उनका व्यक्तित्व किसी साधु से कम नहीं है। इनका आदर्श जीवन और आदर्श व्यवहार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, अशोक कुमार कवाड़, केवलचंद कवाड़, हुकमीचंद मेहता भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुकनराज संचेती, मांगीलाल गांधी, नेमीचंद चौपड़ा, एसपी चौपड़ा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।



### कांग्रेस नेता चेतन सिंह झाला ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने पाली शहर में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चेतन सिंह झाला को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। राठौड़ ने चेतन सिंह झाला को भाजपा की रीति और नीति बताते हुए पार्टी का दुपट्टा पहनाकर सदस्य बनाया और भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर सदस्य बनाया और भाजपा का कार्ड डाउनलोड करवाया।

## जरूरी खबर

### युवक को अगवा कर 20 लाख रुपए मांगे



**जयपुर।** जयपुर में परिचित युवकों ने ही एक युवक का किडनैप कर लिया। होटल रुम में मारपीट कर उसका वीडियो बनाया गया। चाकू दिखाकर धमकाया- पापा को कॉल कर बोल- किडनैप हो गया है, 20 लाख रुपए की व्यवस्था करो। सदर थाने में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया- लालसोट दौसा निवासी 21 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 12 सितम्बर को उसके रिश्तेदार शुभम ने अपने दोस्त परहेज ने युवक का अपहरण कर रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में मारपीट की और वीडियो बनाया। दोनों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल व जेब में रखे 36 हजार रुपए छीन लिए। धमकाकर बोले- पापा को कॉल कर बोल किडनैप हो गया है, 20 लाख रुपए की व्यवस्था करो।

### मां की डांट से नाराज बच्चा घर से भागा

**जयपुर।** जयपुर में मां की डांट-पिटाई से नाराज 14 साल का एक बच्चा घर छोड़कर चला गया। कारण था- मां ने उसे लैपटॉप पर गेम खेलने से टोक दिया था। इससे पहले मां ने पढ़ाई नहीं करने पर डांट भी लगाई थी। घटना शहर के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की है। नाबालिग 10वीं क्लास का स्टूडेंट है। जब नाबालिग नहीं मिला तो परिजन थाने पहुंचे और रविवार देर शाम मामला दर्ज करवाया। ऐसा ही एक मामला शहर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र में भी सामने आया है। जहां तीन नाबालिग दोस्त घर छोड़कर चले गए। कारण ये सामने आया कि तीनों ने जयपुर से बाहर घूमने की जिद की थी। घरवालों ने उन्हें मना कर दिया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**राजनीति: हेरीटेज महापौर मुनेश गुर्जर का निलंबन जल्द**

# कार्यवाहक महापौर के लिए दौड़ शुरू, लॉबिंग करने में जुटे पार्षद

■ कुसुम यादव, ललिता जायसवाल और कपिला कुमावत के नाम की चर्चा

■ सत्ता- संगठन विमर्श के बाद ही करेगा निर्णय, किसको मिलेगी कुर्सी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर हैरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति देने के बाद भाजपा पार्षदों में हलचल तेज हो गई है। सरकार कभी भी महापौर मुनेश गुर्जर के निलंबन के आदेश जारी कर सकती है। इधर, कार्यवाहक महापौर बनने के लिए भाजपा की ओबीसी महिला पार्षदों ने दौड़ लगाना शुरू कर दिया है। भाजपा की छह पार्षद मूल ओबीसी से हैं। इनमें कुसुम यादव, ललिता जायसवाल, कपिला कुमावत, सोनल जांगिड़, बबिता कंवर और बरखा सैनी हैं। इनमें से तीन पार्षदों के बीच कार्यवाहक महापौर के लिए सीधी टक्कर नजर आ रही हैं। कुसुम यादव, ललिता जायसवाल और कपिला कुमावत में से किसी एक का नाम कार्यवाहक महापौर के लिए तय माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों की माने तो कुसुम यादव का इन तीनों पार्षदों में पलड़ा भारी है। वहीं पार्षद सत्ता और संगठन के सामने खुद की काबिल साबित करने में जुटे हैं। पार्षद भाजपा प्रदेश कार्यालय से लेकर वरिष्ठ नेताओं के घर पर जाकर मुलाकात कर रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार की ओर से भाजपा की ओबीसी महिला पार्षदों में से ही किसी एक को कार्यवाहक महापौर बनाया जा सकता है। कांग्रेस के पास बोर्ड में पूर्ण बहुमत नहीं हैं। कई कांग्रेसी पार्षद भी भाजपा पार्षदों का साथ दे रहे हैं।

**क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं:**
कार्यवाहक महापौर बनाने के लिए पार्षद चेहरे को 50 पार्षदों के वोट की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल, बीजेपी के पास 42 पार्षद है और दो निर्दलीय पार्षद भी बीजेपी के समर्थन में है। ऐसे में कांग्रेस या अन्य निर्दलीय पार्षदों के साथ की भी जरूरत पड़ेगी और जिस तरह से बीते 4 साल में समितियों का गठन नहीं हुआ है, इससे नाराज पार्षद खुलकर सामने आ सकते हैं। जिसके चलते क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं भी बनेंगी।

### इन नामों के बीच है सीधी टक्कर



**ललिता जायसवाल**

ललिता जायसवाल खुद पहली बार की पार्षद हैं और बीते 4 सालों में निगम में ज्यादा सक्रिय भी नहीं रही हैं। हालांकि, उनके पति संजय जयसवाल संगठन में काफी समय से काम कर रहे हैं। कई जिलों में युवा मोर्चा के प्रभारी भी रह चुके हैं और किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका भी अदा करते आए हैं।



**कुसुम यादव**

महापौर चुनाव में बीजेपी की प्रत्याशी रह चुकी है कुसुम यादव दूसरी बार की पार्षद हैं। इससे पहले जयपुर में जब एक निगम था तो उन्होंने सांस्कृतिक समिति, महिला उत्थान समिति के अध्यक्ष पद को भी संभाला था। उनके पति अजय यादव भी पार्टी में सक्रिय और खुद भी पार्षद और अध्यक्ष रह चुके हैं।



**कपिला कुमावत**

निगम में पहली बार की पार्षद कपिला कुमावत बीजेपी का कोई बड़ा चेहरा नहीं है, लेकिन इनके पति विजय पाल कुमावत ढूंढाड़ परिषद के अध्यक्ष हैं और संघ के भी करीबी माने जाते हैं। यही नहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भाजपा में भी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।




### पार्षदों की राय लेगी सरकार

कुसुम यादव, ललिता जायसवाल, कपिला कुमावत, सोनल जांगिड़, बबीता कंवर और बरखा सैनी ये वो नाम हैं, जो इस श्रेणी में आती हैं। इनमें भी कुसुम यादव, ललिता जायसवाल और कपिला कुमावत का नाम के बीच टक्कर मानी जा रही है। हालांकि, इस संबंध में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ये जरूर कहा है कि कार्यवाहक महापौर बनाने से पहले पार्षदों की राय जरूर जानी जाएगी। यही वजह है कि ये तमाम पार्षद फिलहाल लामबंदी में लगे हुए हैं। इन सभी नाम में महिला पार्षद के पति का अहम रोल रहने वाला है। हालांकि, कार्यवाहक महापौर चुनते वक्त बीजेपी की कोशिश यही रहेगी कि आगामी महीनों में वोटिंग के जरिए भी इसी नाम पर मोहर लग जाए।

**शिक्षा निदेशालय पर देंगे धरना**

# ओपीएस और ट्रांसफर्स को लेकर शिक्षकों में आक्रोश

बेधड़क | जयपुर

ओपीएस को लेकर के राज्य सरकार के रुख से आशंकित शिक्षकों ने अब अपने आक्रोश को व्यक्त करने के लिए बीकानेर शिक्षा निदेशालय का रुख करने का एलान किया है।

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग ने बताया कि शिक्षक दिवस पर राज्यभर में आयोजित शिक्षक पंचायतों में पेंशन, स्थानांतरण, शिक्षा नीति और स्थायीकरण जैसे कार्यों को बिना कारण लम्बित रखने को लेकर शिक्षकों का दर्द छलका। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एनपीएस के स्थान पर यूपीएस का विकल्प देने और राज्य में ओपीएस को लेकर राज्य सरकार की खामोशी ने कर्मचारियों की आशंका बढ़ा दी है। शिक्षक पंचायतों में शामिल शिक्षकों का ये स्पष्ट सुझाव था कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना को बचाने के लिए मजबूती से संघर्ष करना चाहिए, साथ ही शिक्षक और छात्र विरोधी शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ और अध्यापकों के ट्रांसफर के लिए आंदोलन का भी फैसला लिया गया। ऐसे में राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) अब राज्यव्यापी आंदोलन करेगा और विभागीय मांगों को लेकर 18 सितंबर को बीकानेर में शिक्षा निदेशालय के समक्ष विशाल धरना देगा।



### 22 को वर्कशॉप

आन्दोलन को व्यापक बनाने के लिए 22 सितंबर को जयपुर में वर्कशॉप की जाएगी। इस कार्यशाला में पीड़ित शिक्षक, आंदोलन में सहयोग करने के इच्छुक विशिष्ट शिक्षक और कर्मचारी प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसके बाद कर्मचारी महासंघ और स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 26 सितंबर को राज्यभर में जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर फोटो प्रदर्शनी

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में गुलाबी नगर के छायाकार व लेखक महेश स्वामी के प्रेरक लेखों की प्रदर्शनी नरेंद्र मोदी, एक प्रेरणा पुरुष का आगाज सोमवार को जेएलएन मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अश्विन एम. दलवी थे, वहीं राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष इंदुशेखर तत्पुरुष, दिल्ली से सीनियर कंटेंपररी आर्टिस्ट धर्मेंद्र राठौड़, प्रो. चिन्मय मेहता व अमित कल्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्रदर्शनी में पीएम नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के विभिन्न छायाचित्रों के साथ महेश स्वामी के सोशल मीडिया पर किए गए लेखन को कलात्मक स्वरूप में दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 21 सितंबर तक जारी रहेगी।

**सुबह घर से निकली थी मृतक महिला, परिजन ढूंढते रहे**

# ताल कटोरा में मिला महिला का शव

बेधड़क | जयपुर

माणक चौक इलाके में स्थित तालकटोरा में आज एक महिला का शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। सिविल डिफेंस ने शव को बाहर निकाल कर शव पुलिस के सुपुर्द कर दिया। माणक चौक थाना पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

माणक चौक थाने के एएसआई श्रीराम मीणा ने बताया कि आज सुबह करीब 8 बजे पुलिस पुलिस कंट्रोल रूम से जानकारी मिली की कुछ तालकटोरा के पास एकत्रित हैं और महिला के डूबने की बात कर रहे हैं। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर गई और वहां मौजूद लोगों से यहां पर एकत्रित होने के कारणों के बारे में पूछा गया। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि मंजू अग्रवाल(60) निवासी गुरुद्वारा गोविंद देव मंदिर के पीछे सुबह 6 घर से निकली जो अभी तक लापता हैं। मंजू देवी को खोजने के लिए परिवार घर से निकला तो परिवार ने मंजू अग्रवाल की चप्पल को तालकटोरा के पास देखा। जिसके बाद सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और तालाब में सर्च शुरू किया। इसी दौरान ताल कटोरा के बीच में मंजू देवी का शव पानी भरने से उपर आ गया। जिस पर सिविल डिफेंस की टीम वॉली को लेकर किनारे आई और शव को परिजनों को दिखा कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।



**रेजिडेंट्स ने ट्रोमा सेंटर में हेलमेट पहनकर किया काम**

# एसएमएस में फिर गिरी फॉल सीलिंग

बेधड़क | जयपुर

**लगातार हो रहे हादसे मरीज और डॉक्टर्स के लिए बने सिरदर्द**



राजस्थान के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल में फॉल सीलिंग गिरने के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। लगातार हो रहे हादसे मरीज और अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टर के लिए सरदर्द भी बने हुए हैं। एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर में पीटीओटी में सोमवार को भी फॉल सीलिंग गिर गई। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी अनुराग धाकड़ ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में पीटीओटी में यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि जिस समय यह हादसा हुआ,पीटीओटी के अंदर रेजिडेंट डॉक्टर काम कर रहे थे। गनीमत रही कि फॉल सीलिंग उनके ऊपर नहीं गिरी नहीं तो रेजिडेंट डॉक्टर को चोट भी लग सकती थी। 22 दिन से पीटीओटी की छत से पानी टपक रहा था और पानी के बीच ही रेजिडेंट डॉक्टर भी काम कर रहे थे। घटना के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने खुद की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट पहनकर काम किया। रेजिडेंट डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल प्रशासन को मामले को लेकर कई बार अवगत भी कराया, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस कारण सोमवार को फिर से हादसा हो गया। रेजिडेंट्स ने डॉक्टर ने मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन को पत्र भी लिखा था।

**आरसीए के चुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं**

# एडहॉक कमेटी की बैठक हुई, सरकार से हरी झंडी मिलने का इंतजार

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है और इस मामले में अभी सरकार से हरी झंडी का इंतजार है। आरसीए एडहॉक कमेटी की बैठक सोमवार को आरसीए एकेडमी में आयोजित की गई।

इसमें चुनाव को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं किया गया। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर और भाजपा विधायक जयदीप बिहानी ने बताया कि बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा की गई है, लेकिन अभी तक चुनाव की तारीख को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं किया गया है। कोशिश है कि जल्द से जल्द निर्णय किया जाए, लेकिन सरकार की ओर से चुनाव को लेकर अभी तक कोई भी मैसेज प्राप्त नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि फिलहाल राजस्थान की क्रिकेट को एडहॉक कमेटी ही संचालित करेगी। बिहानी ने बताया कि फिलहाल सारा ध्यान राजस्थान क्रिकेट के संचालन को लेकर है और हाल ही में अंडर 16 व अंडर 19 प्रतियोगिता के अलावा कोल्विन शील्ड का आयोजन किया जा रहा है। जल्द ही वूमेंस क्रिकेट की भी शुरुआत की जाएगी।



**पूर्व कार्यकारिणी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप**

एडहॉक कमेटी की बैठक के बाद विधायक जयदीप बिहानी ने प्रेस वार्ता के दौरान पुरानी कार्यकारिणी पर जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। बता दें कि अनियमितता के चलते आरसीए को भंग करने के बाद बनी एडहॉक कमेटी ने पिछली कार्यकारिणी के कार्यों की जांच करवाई व जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ज्योति नगर थाने में पिछली कार्यकारिणी के सचिव ट्रेजरार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया। विधायक जयदीप बिहानी का कहना था कि आरसीए के पिछले कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हुई हैं।

### 28 सितंबर तक एडहॉक कमेटी का कार्यकाल

जयदीप बिहानी ने बताया कि 28 सितंबर को एडहॉक कमेटी का कार्यकाल खत्म हो रहा है। चुनाव के लिए 21 दिन पहले नोटिस जारी करना पड़ता है, पिछली बैठक में कमेटी ने जिलों से वोटिंग लिस्ट भी मांगी थी, लेकिन अभी तक वोटिंग लिस्ट प्राप्त नहीं हो पाई। इससे पहले भी एडहॉक कमेटी को एक्सटेंशन दिया गया था। ऐसे में माना जा रहा है कि 28 सितंबर के बाद फिर से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में एडहॉक कमेटी को एक्सटेंशन दिया जा सकता है। यह भी माना जा रहा है कि एक्सटेंशन के बाद कमेटी में कुछ सदस्यों को बदला जा सकता है।

### जोधपुर में लीजेंड्स लीग का आयोजन

बिहानी ने बताया कि जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में लीजेंड्स लीग का आयोजन होने जा रहा है। स्टेडियम से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। बिहानी ने बताया कि जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। स्टेडियम का 90 लाख का बिजली का बिल बकाया चल रहा है। ऐसे में सारी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब लीजेंड्स लीग का शानदार आयोजन किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### मंदिरों को चोर बना रहे निशाना, सामान हुआ चोरी



**चाकसू।** क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। अब तो मंदिर भी चोरों की नजर से अछूते नहीं रहे। लोगों का आरोप है की नशेड़ी तत्व के लोग ऐसी वारदातें कर रहे हैं। लेकिन पुलिस अब तक इन नशेड़ी तत्वों तक नहीं पहुंच पाई। जानकारी के मुताबिक चाकसू के वार्ड 30 चंपेश्वर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर को बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। स्थानीय पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि यहां हनुमान मंदिर रखे तांबे के 15 मंजीरे, तांबे के लोटे, ढोलक व तांबा निर्मित सांप समेत अन्य सामान चोरी हो गए।

### सरकारी टीचर ने देहरादून में जाकर की खुदकुशी

**बीकानेर।** श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी टीचर ने देहरादून में ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। टीचर छह दिन से लापता था। जिस दिन टीचर घर छोड़कर गया था, उस दिन मोबाइल फोन पर बहन से अंतिम बार बात की थी। कहा था- यह मेरा लास्ट कॉल है। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो पाया था। परिजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा रखी थी। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी इंद्र कुमार ने बताया कि श्रीडूंगरगढ़ के गांव बिग्गा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत शिक्षक विनोद कुमार (46) पुत्र नानक सिंह जाट ने 14 सितंबर को देहरादून रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी थी। पुलिस देहरादून से शव लेकर आई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

### 25 को होगी जिला बचाओ संघर्ष समिति की बैठक




**नीमकाथाना।** नीमकाथाना जिला बचाने को लेकर जिला बचाओं संघर्ष समिति 25 सितंबर को रॉयल पैलेस, खेतड़ी रोड़ में किसान महापंचायत द्वारा आयोजित मीटिंग में विचार विमर्श करेगी। विधायक सुरेश मोदी ने बताया कि नीमकाथाना जिला बनाने की मांग पूरी हुई जो मापदंड पर पूरे तरीके से सही है। नीमकाथाना जिले को यथावत रखने के लिए राज्य सरकार के सामने बात रखी जाएगी। बैठक में जिला बचाओं संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा और जिला बचाने के लिए चर्चा कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

---

**जैसलमेर के देदानसर मैदान में भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने दिखाए करतब**

# आसमान में धुएं से बनाया 'तिरंगा', रोमांचित हो उठे दर्शक

बेधड़क | जैसलमेर

भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने सोमवार को जैसलमेर के देदानसर मैदान में आसमान में अनेक करतब दिखाए।

'सूर्य किरण एरोबेटिक शो' में आसमान में हॉक विमानों की कलाबाजी देखकर लोग रोमांचित हो उठे।

शाम 4 बजे वायुसेना स्टेशन से सूर्य किरण के 9 हॉक विमानों ने उड़ान भरी। तीन-तीन के सेट में एक के बाद एक उड़ान भरते हुए विमानों ने आसमान में धुएं से तिरंगा बनाया। यूथ को डेडिकेट करते हुए 'Y' फॉर्मेशन बनाई। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने पहली बार जैसलमेर के देदानसर मैदान के ऊपर करतब दिखाए।



### एरियल सैल्यूट कर बनाया तिरंगा

लेफ्ट से विंग कमांडर राजेश की टीम के 2 विमान 1000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए। राइट से इसी स्पीड से आए 2 अन्य विमान ने आमने-सामने होकर एक-दूसरे को क्रॉस किया। तभी लेफ्ट से 5 विमानों के बीच से राइट से एक विमान ने क्रॉस कर करतब दिखाए। फिर लेफ्ट साइड से 5 विमान 'डीएनए' फॉर्मेशन में आए। 3 विमान बीच में रहे और 2 ने तीनों के चक्कर लगाए। तभी सामने से 2 विमान आए और सीधे दर्शकों के ऊपर से उड़ान भरी। अंत में सभी विमान सामने की ओर से आए और 'तरंग शक्ति' एक्सरसाइज में हिस्सा लेने वालों को एरियल सैल्यूट करते हुए तिरंगा बनाया।

### एक-दूसरे को किया क्रॉस

ग्रुप कैप्टन जीएस ढिल्लो ने टीम को कमांड किया। टीम के डिप्टी लीडर ग्रुप कैप्टन सिद्धेश कार्तिक रहे। सूर्य किरण की टीम लेफ्ट से तेजस फॉर्मेशन में आई। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की शेप में 9 हॉक विमान 'तिरंगा' शेप में धुआं छोड़ते हुए आए। दर्शकों के सामने लेफ्ट और राइट से एक-एक विमान आए और 360 डिग्री रोटेट करते हुए एक-दूसरे को क्रॉस किया। फिर 8 विमान सामने से आए और दो-दो की टुकड़ी में राइट और लेफ्ट मुड़ते हुए फ्लाई कर फॉर्मेशन बनाया।



### 1996 में बनी सूर्य किरण एरोबेटिक टीम

1996 में बनी थी सूर्य किरण एरोबेटिक टीम सूर्य किरण भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक प्रदर्शन टीम है। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (SKAT) का गठन 1996 में किया गया था। यह भारतीय वायु सेना की नंबर 52 स्क्वॉड्रन का एक हिस्सा है। यह टीम कर्नाटक के बीदर एयर फोर्स स्टेशन पर स्थित है। इसने कई प्रदर्शन किए हैं। सूर्य किरण टीम ने पहला सार्वजनिक प्रदर्शन 15 सितंबर 1996 को कोयंबटूर में वायुसेना प्रशासनिक कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में किया था।

---

**अजमेर में हिंदू संगठनों ने जुलूस पर बरसाए फूल**

# ईद मिलादुन्नबी पर दिखी प्रेम और सांप्रदायिक सद्भाव की झलकियां

बेधड़क | अजमेर

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर देश और दुनिया के साथ अजमेर में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया। शहर में मुस्लिम समाज की ओर से जुलूस निकाला गया। दरगाह क्षेत्र में इंदर कोट इलाके से जुलूस का आगाज हुआ।

यह दरगाह के निजाम गेट से होकर दरगाह बाजार, धान मंडी, देहली गेट, गंज, फवारा सर्कल होते हुए सुभाष उद्यान पहुंचा। इससे पहले दरगाह के निजाम गेट के बाहर तमाम मजहब के लोगों ने मिलकर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशियां मनाई।




### मुल्क में अमनचैन भाईचारे की मांगी दुआ

सूफी इंटरनेशनल संगठन के सदस्य एसएम अकबर ने बताया कि जुलूस के बाद नबी की शान में सलातों सलाम पढ़ा गया। साथ ही मुल्क में अमनचैन भाईचारे की दुआ भी मांगी गई। जुलूस के दौरान पुलिस के कड़े इंतजाम थे। जुलूस के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रशासन और पुलिस के कई बड़े अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### हिंदू भाइयों को गले लगा पहनाई फूल माला

सूफी इंटरनेशनल संगठन के सदस्य एसएम अकबर ने बताया कि जुलूस के दौरान बाजार में हिंदू व मुस्लिम सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह फूल बरसा कर लोगों का स्वागत किया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस्तकबाल के लिए खड़े हिंदू भाइयों को गले लगाकर फूल माला पहनाई। जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की झलकियां भी नजर आई। जुलूस में कई तरह की झांकियां भी निकली गई। इनमें मक्का मदीना शरीफ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस में शामिल कई अकीकतमंद एक दूसरे को खुशबू लगाते रहे और नबी की शान में गीत गाते हुए नजर आए।

### सीकर में ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस

**सीकर।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में शहर में विशाल जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समुदाय की ओर से जुलूस में सैंकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे। पैगंबर के जन्मदिन पर शहर की मस्जिदों में भव्य सजावट की गई और फूलों से सजाया गया। जुलूस-ए-मोहम्मदी के अध्यक्ष जुबेर नारू ने बताया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी सुबह 8 बजे मोहल्ला नारवान से रवाना होकर खलील शाह की दरगाह, मदरसा मदीना प्राइमरी स्कूल, ईदगाह चौराहा, सालासर बस स्टैंड होते हुए वापस मदीना प्राइमरी स्कूल पहुंचा। जहां जुलूस का समापन हुआ । सुरक्षा के मध्य नजर जुलूस में पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया।

### जुलूस का फूलों से किया भव्य स्वागत

शहर के मुख्य पॉइंट्स पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस का फूलों से भव्य स्वागत किया। जुलूस को लेकर शहर की मस्जिदों में भव्य सजावट की गई। समापन के बाद सलातो व सलाम के बाद देश में अमन व शांति, देश की तरक्की में आपसी भाईचारे की दुआ की गई। जुलूस-ए-मोहम्मदी के अध्यक्ष जुबेर नारू ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन्नबी पर्व धूमधाम से मनाया गया । जुलूस रैली व मस्जिदों में दुआ के जरिए देश- प्रदेश में अमन- चयन और शांति की दुआ की गई है। जुलूस-ए-मोहम्मदी को युवाओं, बच्चों व आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला।

---

**सात दिन में भुगतान का मिला आश्वासन**

## किसानों ने फसल खराबे को लेकर किया जयपुर कूच, प्रशासन ने रोका



बेधड़क | दूदू

जिले के किसान फसल खराबे के तहत मुआवजे की मांग को लेकर मौजमाबाद उपखंड से ट्रैक्टरों से जयपुर कूच के लिए निकले, जहां दूदू पहुंचने से पहले ही जिला प्रशासन ने उनके ट्रैक्टर कूच को रोक दिया। इसके बाद किसान पैदल मार्च करते हुए दूदू पुलिया के नीचे पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

वहीं, एसडीएम योगेश कुमार देवल ने बताया कि फसल खराबे के मुआवजे की मांग और इस बार बारिश से हुई खराबे की गिरदावरी करवाने को लेकर किसान जयपुर जा रहे थे। बीच रास्ते में ही उन्हें रोककर समझाइश की गई और सात दिन में फसल खराबे का भुगतान कराने का आश्वासन दिया तब जाकर किसानों ने जयपुर जाने का फैसला टाल दिया है।

किसान कमल चौधरी ने बताया कि किसानों का कूच जयपुर पंत भवन तक प्रस्तावित था, लेकिन दूदू जिला प्रशासन ने ट्रैक्टरों को बीच रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोक दिया तो किसान पुलिया नीचे इकठ्ठे हुए और अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया। दूदू एसडीएम भी किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर लिखित आश्वासन देने की मांग पर अड़े रहे। किसानों और प्रशासन के बीच लिखित समझौता नहीं होने के चलते सहमति नहीं बन पाई और किसान पुलिया के नीचे ही बैठ गए। किसान कमल चौधरी ने बताया कि किसानों का तीन वर्षों का फसल खराबे का मुआवजा देने, अबकी बार हुई अत्यधिक बारिश से फसल खराबे की गिरदावरी कराने और तीनों उपखंड दूदू, फागी, मोजमाबाद के किसानों को एक साथ मुआवजे के भुगतान करने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है।

---

**ग्रामीणों ने खनन लीज लगाने की रखी मांग**

## लीज के विरोध में संत बैठे अनशन पर

बेधड़क | भरतपुर

जिले में भुसावर के पहाड़ी क्षेत्रों में खनन जारी है। वहीं खनन के चलते पहाड़ी क्षेत्रों में बने मंदिरों में दरार आ गई हैं। इसके कारण कालिया बाबा पहाड़ पर साधु-संतों का धरना व अनशन सोमवार को आठवें दिन भी जारी है। साधु-संतों का कहना है कि अलीपुर में कालिया बाबा उर्फ काला पहाड़ एक धार्मिक पहाड़ है। हर अमावस्या को श्रद्धालु इसकी परिक्रमा करते हैं। इसे पूजने की भी मान्यता है। इसके बावजूद यहां खनन के लिए लीज आवंटित की गई हैं। इन लीज को ही रद्द करने की मांग की जा रही है। हालांकि स्थानीय लोग लीज धारकों के समर्थन में उतर आए है। लोगों का कहना है कि लीज के आने से लोगों को रोजगार मिलेगा। लोगों ने घरों के टूटने अथवा दरार आने की बात को भी नकार दिया है। तहसीलदार राजेंद्र मीणा ने बताया कि आंदोलन स्थल पर जाकर साधु संत और लोगों से बात कर रहे हैं। सरकार द्वारा 13 नई लीज आवंटित की जा रही हैं। इसका आवेदन ऑनलाइन किया गया था। जिसमें से 9 लीज का आवंटन हो चुका है, बाकी 4 लीज का आवंटन फिलहाल नहीं हुआ है। लीज के विरोध में गत 2 सितंबर को साधु-संतों ने नायाब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था और विरोध जताया था। इसके बाद 9 सितंबर से फटा पहाड़ पर साधु संत आंदोलन पर बैठे हैं। आसपास के स्थानीय लोग भी इस आंदोलन में भाग ले रहे हैं।

---

**पदयात्रियों को बचाने के चक्कर में ट्रेलर का संतुलन बिगड़ा, खलासी की मौत**

## जिस ट्रेलर पर नौकरी की, मौत भी उसके नीचे आई

बेधड़क | चाकसू



नेशनल हाइवे 52 बाईपास पर सोमवार को शीतला माता आ रही पदयात्रियों को बचाने के चक्कर में हाइवे पर चल रहे ट्रेलर का संतुलन बिगड़ गया। जिससे अचानक ब्रेक लगने ने ट्रेलर में बैठा खलासी नीचे गिर गया और उस पर उसी ट्रेलर का टायर चढ़ गया। मौके पर पर लोगों की भीड़ लग गयी। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस ने खलासी को उपजिला अस्पताल में पहुंचाया, जंहा चिकित्सको उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक के शव को स्थानीय मोर्चरी में रखवाया दिया गया है। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। सोमवार की शाम को नेशनल हाइवे 52 पर होकर शीतला माता के लिए पदयात्रा आ रही थी, वही चेची होटल के सामने पदयात्रा मंदिर के तरफ वाले रोड पर मुड़ी, तो पदयात्रा के पीछे की तरफ चल रहा ट्रेलर का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर को तोड़ता हुआ दूसरी तरफ चला गया। इस घटना से ट्रेलर में बैठा खलासी जितेंद्र सिंह (30 वर्ष) पुत्र सुमेर सिंह निवासी रींगस के पास का रहने वाला है। बता दे अचानक ट्रेलर की केबिन नीचे की तरफ झुकने से वह सड़क पर गिर गया और उसी पर वही ट्रेलर का टायर चढ़ गया।

---

**सांवलिया सेठ में अनोखी आस्था, भक्त स्टांप पेपर लिखकर रहे एग्रीमेंट**

# बिजनेस और तरक्की के लिए बनाते हैं सांवलिया जी को लीगल पार्टनर

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के आराध्य देव श्री सांवलिया जी को भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर सांवलिया सेठ को अपना पार्टनर बनाते हैं ताकि बिजनेस हो या नौकरी, सब में तरक्की हो। भक्त हर महीने सांवलिया सेठ के दरबार में आकर उनका हिस्सा दान करते हैं और अपना कमिटमेंट पूरा करते हैं। जी हां यह हकीकत है।

बता दें कि भक्त सोने-चांदी के गहने, नोटों की माला, नोटों की ड्रेस, चांदी का झूला सहित अपनी श्रद्धा के अनुसार सांवलिया सेठ को भेंट करते हैं। हर महीने की चतुर्दशी पर सांवलिया सेठ का भंडार खोला जाता है, जिसमें करोड़ों रुपए और सोना-चांदी निकलता है। पिछले महीने भंडार से 19 करोड़ 45 लाख रुपए निकले। इसके अलावा 320 ग्राम सोना और 95 किलो चांदी भी मिली। मंडफिया स्थित श्री सांवलियाजी में भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर सांवरा सेठ को अपना पार्टनर बनाते हैं ताकि बिजनेस हो या नौकरी, सबमें तरक्की हो। इसी पार्टनरशिप का कमिटमेंट वे हर माह यहां आकर सांवलिया सेठ के हिस्से को दान कर पूरा करते हैं।



### एग्रीमेंट के स्टाम्प पेपर चली सच्चाई पता

कई बार हताश-परेशान लोग सांवरा सेठ की शरण में आते हैं। भक्त जानते हैं कि सांवरा सेठ उनके पार्टनर बन जाएं तो उन्हें कभी किसी चीज में नुकसान नहीं झेलना पड़ेगा। हाल ही खोले गए दान राशि भंडारे से एक स्टांप पेपर निकला है। इसमें जयपुर के एक भक्त ने अपनी सैलरी के अलावा होने वाली कमाई में सांवरा सेठ को 10 प्रतिशत हिस्सेदार बनाया है। इस महीने खुले भंडारे से एक साझेदारी पत्र मिला। भक्त ने 50 रुपए का एक स्टाम्प पेपर सांवलिया जी के भंडारे में डाला।

### भक्त ने यह लिखा एग्रीमेंट पेपर में

मैं ..... पुत्र ...... निवासी जयपुर, राजस्थान यह साझेदारी करार ठाकुर जी महाराज श्री सांवलिया सेठ सांवरिया की मंदिर मंडल, मंडफिया, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़, पिन कोड - 312027 के साथ करता हूं। जिसकी साझेदारी प्रतिशत और संपूर्ण सहमति शर्तें निम्नलिखित हैं-

- यह कि मेरी समस्त शेयर बाजार एवं अन्य स्रोत से आए (वेतन को छोड़कर) का 10 प्रतिशत हिस्से की साझेदारी मैं ठाकुर जी महाराज श्री सांवरिया सेठ के साथ करता हूं।
- यह है कि मेरी आय का 10 प्रतिशत हिस्सा एक/तीन माह या ठाकुर जी महाराज की इच्छा अनुसार ठाकुर जी महाराज श्रीमान सांवरिया सेठ को देने का करार करता हूं।
- यह कि मेरी शेयर बाजार से अधिकांश तीन माह में होने वाली आय का 10 प्रतिशत हिस्से की राशि तीन माह पूर्ण होने पर अगले माह की 10 तारीख तक श्री सांवरिया सेठ जी, मंदिर परिसर में मैं स्वयं आकर अर्पित करूंगा। मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी भगवान के बाल स्वरूप शालिग्राम जी को एक श्रद्धालु ने कुछ समय पहले चांदी का झूला भेंट कया था। भेंट करने वाले ने अपना नाम गुप्त रखा।

### हर तीन महीनों में सांवलिया जी को हिस्सेदारी देने आएगा भक्त

भक्त ने यह एग्रीमेंट पेपर 28 अगस्त को बनाया था। इसके बाद वे दर्शन के समय इसे दान पेटी में भी देकर गए थे। एग्रीमेंट के अनुसार भक्त हर 3 महीने में एक बार सांवरा सेठ के दर्शन करने आएंगे और 3 महीनों में होने वाली कमाई का 10 प्रतिशत अपने पार्टनर सांवरा सेठ को देंगे।

### 2 से लेकर 20 प्रतिशत तक रखते हैं हिस्सेदारी

लोगों की सांवलिया जी मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि जितना वे यहां चढ़ाएंगे, सांवलिया सेठ उनके खजाने को उतना ज्यादा भरेंगे। ऐसे में कई लोगों ने अपनी खेती से लेकर व्यापार और वेतन तक में सांवलिया सेठ का हिस्सा रखा हुआ है। ऐसे लोग हर माह मंदिर आते हैं और उसके हिस्से की राशि चढ़ाकर जाते हैं। बताया जाता है कि भक्त यह राशि 2 से लेकर 20 प्रतिशत तक हिस्सेदारी के रूप में रखते हैं। इसके प्रति वे बेहद ईमानदार हैं। यानी भगवान के साथ जितनी पार्टनरशिप का कमिटमेंट या वचन दिया हुआ है, उसे वे हर माह यहां उतना चढ़ावा चढ़ाकर पूरा करके ही जाते हैं। यह भी बताया जाता है कि इस चढ़ावे की बकायदा अपने खाते में एंट्री तक करते हैं। जिस तरह एक बिजनेस पार्टनर की एंट्री की जाती है।

## मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में कार्यक्रम का आयोजन

# 'दीक्षारंभ' से किया नए स्टूडेंट्स का औपचारिक स्वागत

**बेधड़क** | जयपुर

मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर (एमयूजे) के डिजाइन संकाय और कला संकाय ने अपने प्रथम वर्ष के 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डिजाइन, मीडिया, कला, मानविकी, मनोविज्ञान, खेल और अर्थशास्त्र के नव प्रवेशित छात्रों का विश्वविद्यालय में औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन और गर्मजोशी से स्वागत भाषण के साथ हुई। कुलपति प्रो. एन. एन. शर्मा ने कहा कि "हम अपने नए छात्रों का स्वागत करने और उन्हें वे उपकरण और कनेक्शन प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं जिनकी उन्हें सफल होने के लिए आवश्यकता है।" उन्होंने कहा कि हमारा दीक्षारंभ कार्यक्रम न केवल छात्रों को हमारे परिसर से परिचित कराने के लिए बल्कि उन्हें एक सफल विश्वविद्यालय अनुभव के लिए प्रेरित और सुसज्जित करने के लिए भी बनाया गया है। एमयूजे की कुलसचिव डॉ. नीतू भटनागर ने सृजनात्मकता और नवाचार को पोषित करने के लिए एमयूजे की प्रतिबद्धता पर ज़ोर देते हुए सभा को संबोधित किया। छात्र कल्याण विभाग के निदेशक डॉ. अनिल दत्त व्यास और चीफ वार्डन कर्नल (रि.) अजय सिंह शेखावत ने परिसर के जीवन और छात्र सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी।






### अभिभावकों ने भी लिया कार्यक्रम में भाग

स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशंस की निदेशक डॉ. फकीर मोहन नाहक और स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के निदेशक डॉ. त्रिशु शर्मा ने भी सभी छात्रों को संबोधित किया और उनका स्वागत किया। नए प्रवेशित छात्रों और उनके अभिभावकों ने भी कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए एवं कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे छात्र छात्राएं एमयूजे में अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित और उत्सुक हुए। नए छात्रों के लिए परिसर का पता लगाने और आगे की शैक्षणिक यात्रा के बारे में अधिक जानने का यह एक शानदार अवसर था।

## Yuva स्टोरीज

# लकवाघर के मरीजों के लिए उपलब्ध करवाई एंबुलेंस



**बेधड़क** | जयपुर

शहर के विवान सेवा संस्थान की सेवाओं में अब और बढ़ोतरी हो सकेगी। संस्थान को लकवा मरीज़ों के लिए जवाहर सर्किल के विजेंद्र नाथ भार्गव और संकल्प गायन समूह की टीम जिनमें देवेन्द्र कुमावत, कविता शर्मा, हेमंत भारद्वाज , भरत जैन, संतोष खंडेलवाल, मीरा, किशोर, रजनी, सरिता, प्रीति विनेहा, कंचन, राम रतन और सन टू ह्यूमन जवाहर सर्किल ग्रुप ने विधायक कालीचरण सर्राफ़ के हाथों ईको एम्बुलेंस संस्थान को दान की। ये एम्बुलेंस लकवा घर जयपुर में निःशुल्क उपलब्ध रहेगी ताकि लकवा के गरीब मरीज़ों को जल्द से जल्द सही इलाज मिल सके। इस दौरान संस्थान के उपाध्यक्ष मयंक शर्मा, टीकमचंद जैन, सुरेंद्र,पवन यादव, ताराचंद मांडेला, प्रो प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। लकवाघर के डॉ. मुकेश भास्कार ने बताया कि लकवाघर विवान सेवा संस्थान द्वारा संचालित आवासीय परिसर है। जहां पर लकवा/पैरालिसिस (दिमाग़,रीढ़ की हड्डी), लंबी बेहोशी (कोमा) नसों और मांसपेशियों की कमजोरी एवं दर्द के मरीज़ों के लिए रहने खाने एवं पुनर्वास ( इलाज, थेरेपी एवं एक्यूप्रेशर) की निशुल्क व्यवस्था के साथ साथ उनके घर वालों की 2-4 सप्ताह की अनौपचारिक ट्रेनिंग भी होती है। जिसका फ़ायदा उस मरीज़ को तो मिलता ही है साथ ही संस्थान की कोशिश रहती है कि हर ऐसे मरीज़ के गांव में ऐसे केयर टेकर तैयार हो जायें ताकि दूर दराज के ग्रामीण इलाक़ों में इसका लाभ मिल सके।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के लिए सीएमई का समापन

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय में आयुष मंत्रालय भारत सरकार ओर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ दिल्ली की ओर से प्रायोजित 6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम का समापन हुआ। सीएमइ कार्यक्रम में देशभर से 20 राज्यों से 30 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। देशभर से 12 आयुर्वेद विशेषज्ञों ने व्याख्यान ओर अपने चिकित्सा अनुभव प्रस्तुत किए। 6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम में विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सा के विशेषज्ञों ने हृदय रोग, क्षार सूत्र चिकित्सा, फर्स्ट एड, बालरोग, स्त्री एंड प्रसूति रोग, इम्यूनिटी संबंधित रोगों के आयुर्वेदिक निदान ओर चिकित्सा संबंधित व्याख्यान दिए। समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो संजीव शर्मा ने की। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा चिकित्सा क्षेत्र से जुडे व्यक्ति को अपने ज्ञान को निरंतर अपग्रेड करते रहने का महत्व समझाया ओर 6 दिवसीय सीएम कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोगों के निदान के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभव, जानकारी को आमजन की सेवा में उपयोग करने का आह्वान किया। कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो एच एम एल मीना ने कहा 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम में देश भर के आयुर्वेद चिकित्सक को इलाज के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान ओर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा विभिन्न रोगों के निदान की जानकारी दी गई। सीएमइ का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कायचिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रो बी एल मेहरा, प्रो सुश्रुत कनोजिया, चिकित्सक, शिक्षक उपस्थित रहे।

# पं. मोतीलाल जोशी संस्कृत सुधी सम्मान समारोह आज

**जयपुर।** संस्कृत सेवा के संरक्षण, सवंर्धन और विकास में आजीवन समर्पित स्मृति शेष संस्कृत साधना शिखर पुरुष पं मोतीलाल जोशी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को दोपहर 1.15 बजे स्मृति व्याख्यान एवं संस्कृत सुधी सम्मान समारोह का आयोजन शाहपुरा बाग, आमेर रोड़, स्थित राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान समिति जयपुर में किया जायेगा। राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन के महामंत्री डॉ. राजकुमार जोशी ने बताया कि इस समारोह में प्रतिवर्ष की भांति पं. जोशी की स्मृति में व्याख्यान एवं विद्वानों का सम्मान किया जायेगा। इस वर्ष का व्याख्यान ''संस्कृत आयुर्वेद एवं स्मृति पुरूष'' पर निर्धारित है। संस्कृत सुधी सम्मान से नवाजे जाने वाले निवृत्त प्रो. वेद प्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर व्याख्यानकर्त्ता सम्मानित होंगे।

## महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय जयंती समारोह में कहा...

# सेना में जाएं क्षत्रिय समाज के युवा, होंगे सफल: दिया

**बेधड़क** | कोटा

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि पहले क्षत्रिय समाज के युवा युद्ध में जाया करते थे, लेकिन आज युद्ध में सीधा नहीं जाया जा सकता है।

हम सेना में प्रवेश कर सकते हैं और हमें करना भी चाहिए, लेकिन बहुत कम युवा और लोग हैं जो सेना में प्रवेश करते हैं। ऐसे में हम लोगों को सेना में प्रवेश करने के संबंध में भी सोचना चाहिए, क्योंकि क्षत्रिय समाज में अपने आप ही यह होता है कि सेना में जाने के बाद वह सफल होने के चांस ज्यादा है। डिप्टी सीएम दिया कुमारी भारतीय क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी सभा की तरफ से सूरजपोल स्थित महाराव भीम सिंह छात्रावास में आयोजित महाराव उम्मेद सिंह द्वितीय जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रही थी।



### 90 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

इधर, समारोह में अध्यक्षता पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने कहा कि जिस तरह से बजट में अपने कोटा के लाडपुरा का ध्यान रखा, यह कोटा के प्रति आपका स्नेह ही है। समारोह में विशिष्ट अतिथि एमएलए कल्पना देवी व अयोध्या के पीठाधीश्वर बालमुकुंद आचार्य थे। समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह राठौड़ ने सालाना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, साथ ही कहा कि कोटा संभाग के 90 बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया है। इसमें 10वीं, 12वीं, चार्टर्ड अकाउंटेंट, आईआईटी एंट्रेंस जेईई, मेडिकल एंट्रेंस नीट यूजी, खेलकूद में अग्रणी स्थान रखने वाले शामिल है। इसके अलावा राजपूत समाज के सरकारी नौकरी और आर्मी में नियुक्ति होने पर भी सम्मानित किया गया है। समिति के महासचिव ठाकुर वीरेन्द्र सिंह शक्तावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### क्षत्रिय समाज बेटियों को बेटों के बराबर समान अवसर दे

दिया कुमारी ने कहा कि आज का जमाना टेक्नोलॉजी, कंपटीशन और एजुकेशन का है। यह सब कोटा बहुत अच्छी तरह से समझता है। यहां के कोचिंग इंस्टिट्यूट से यहां पर कॉपरेटिव स्पिरिट है। पूरे विश्व से स्टूडेंट यहां पर कोचिंग के लिए आ रहे हैं। ऐसे में हमारी नई पीढ़ी इन सब क्षेत्र में आगे बढ़े, यह बहुत आवश्यकता है। आज के युग में जो कुछ भी हो रहा है, उसमें हर समाज का योगदान हो और नई पीढ़ी को जुड़ना काफी जरूरी है। क्षत्रिय समाज भी इन सबमें क्षेत्र में हर तरह से युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाएं व अवसर देंगे। उन्होंने कहा कि विशेष कर बेटियों को बेटों के बराबर अच्छी एजुकेशन और समान अवसर नहीं देंगे तो वे आगे नहीं बढ़ सकती है। हालांकि, मीडिया से बातचीत करते हुए जहाजपुर के मामले पर बात करने से इनकार कर दिया।

## काउंसलिंग बोर्ड ने दूसरे राउंड का सीट-मैट्रिक्स किया जारी

# दूसरे राउंड काउंसलिंग में अब 534 पर एडमिशन

**कोटा।** मेडिकल डेंटल काउंसलिंग बोर्ड काउंसलिंग राउंड-2 की सीट-मैट्रिक्स जारी कर दी गई है। इस सीट-मैट्रिक्स में बड़ी हुई एमबीबीएस सीटों की संख्या ने पात्र कैंडिडेट की उम्मीदों को पंख लगाए हैं। इसके अनुसार गवर्नमेंट एमबीबीएस सीटों की संख्या में रिकॉर्ड 39 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गवर्नमेंट एमबीबीएस सीटों की संख्या 384 से बढ़कर 534 हो गई है। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि गवर्नमेंट एमबीबीएस सीटों की संख्या में यह बढ़ोतरी बांसवाड़ा, बारां, सवाई माधोपुर व नागौर के गवर्नमेंट मेडिकल संस्थानों को लेटर का परमिशन (एलओपी) व गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज झुंझुनू में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हुई है। ऐसे में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बांसवाड़ा, बारां, नागौर और सवाई माधोपुर में 33-33 सीटें बढ़ाई गईं हैं, जबकि पहले राउंड में झुंझुनू में 50 सीटों पर ही प्रवेश दिया गया था। इनमें बढ़ोतरी करते हुए अब 50 और सीटें बढ़ाई हैं, जिनमें से सरकारी सीट 18 इस काउंसलिंग में जोड़ दी गई है। ऐसे में कुल मिलाकर 150 सरकारी एमबीबीएस सीटों की बढ़ोतरी इस काउंसलिंग में हुई है, जिन पर काफी कम फीस पर एडमिशन होने हैं। ऐसे में दूसरे राउंड की शुरुआत में जारी की गई सीट मैट्रिक्स के अनुसार 384 सीट्स ही एमबीबीएस की सरकारी थी, लेकिन अब 150 बढ़ाने के बाद यह संख्या 534 हो गई है।




## स्पॉट राउंड एप्लीकेशन फॉर्म वेबसाइट पर जाकर भरना होगा

# दिल्ली यूनिवर्सिटी यूजी एडमिशन स्पॉट राउंड 1 शेड्यूल जारी




**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने यूजी एडमिशन 2024-25 के लिए स्पॉट राउंड 1 का ऑफिशियल शेड्यूल जारी किया है। ऑफिशियल शेड्यूल के अनुसार, अंडरग्रेजुएट एडमिशन 2024-25 स्पॉट राउंड 1 के लिए एप्लीकेशन प्रक्रिया 18 सितंबर सुबह 10 बजे शुरू होगी। और एप्लीकेशन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 19 सितंबर रात 11:59 बजे तक है।

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए कैंडिडेट को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। स्पॉट राउंड 1 डीयू यूजी एडमिशन 2024-25 के रिजल्ट को 21 सितंबर, 2024 को दोपहर 3 बजे तक जारी किया जाएगा जिन भी कैंडिडेट ने कॉमन सीट अलॉटमेंट सिस्टम (CSAS) यूजी 2024 के लिए अप्लाई किया है, पर उन्हें 17 सितंबर शाम 5 बजे तक किसी भी कॉलेज में एडमिशन नहीं मिला है वे स्टूडेंट्स स्पॉट राउंड 1 में भाग ले सकते हैं।

स्पॉट राउंड में भाग लेने के इच्छुक कैंडिडेट को डैशबोर्ड में स्पॉट राउंड में भाग लेने का विकल्प चुनना होगा। आपको बता दें कि अगर कैंडिडेट को स्पॉट राउंड 1 में सीट आवंटित की जाती है तो उनके पास 22 सितंबर रात 11:59 बजे तक का समय सीट स्वीकार करने के लिए है। उम्मीदवार 24 सितंबर, 2024 शाम 4:59 बजे तक सीट एक्सेप्टेंस फीस को ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### कैटेगरी के आधार पर प्रोग्राम-कॉलेज करना होगा सलेक्ट

ऑफिशियल नोटिफिकेशन में यह कहा गया है कि कैंडिडेट अपनी कैटेगरी के आधार पर केवल प्रोग्राम-कॉलेज कॉम्बिनेशन को सिलेक्ट कर सकेंगे, जहां सीटें खाली हैं। कैंडिडेट के लिए स्पॉट में आवंटित सीट को स्वीकार करना अनिवार्य है। जो कैंडिडेट ऐसा नहीं करेंगे, वे दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए अपनी एलिजिबिल नहीं होंगे और उन्हें CSAS यूजी-2024 एडमिशन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। इसके अलावा कैंडिडेट को यह जानकारी दे दें कि स्पॉट राउंड प्रक्रिया के दौरान सीट विड्रॉ और अपग्रेड करने का विकल्प नहीं होगा। नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि एक विशेष स्पॉट राउंड में आवंटित सीट फाइनल होगी और बाद के किसी भी स्पॉट प्रवेश राउंड में इसे अपग्रेड नहीं किया जाएगा। स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है कि वे ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑफिशियल नोटिफिकेशन पढ़ें।

**कार्यक्रम** | निर्वाण विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया

# ओजोन परत के संरक्षण के लिए किया जागरूक

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग की ओर से ओजोन परत संरक्षण अंतरर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ओज़ोन परत की सुरक्षा के महत्व के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ओज़ोन परत से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों और वैज्ञानिक जानकारियों पर गहन समझ विकसित की। इस आयोजन ने न केवल पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी को भी प्रोत्साहित किया। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एल. सिहाग ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज विभाग की विशेष सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है।




### पर्यावरण के प्रति बने संवदेनशील

वाइस चेयरमैन डॉ. आर. के. अरोड़ा ने विभाग की इस पहल को सराहा और विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. एस. एल. गोदारा ने अपने संबोधन में कहा कि ओज़ोन परत संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ओज़ोन परत के संरक्षण को लेकर वैश्विक स्तर पर हो रहे प्रयासों का हिस्सा बनना आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को उन प्रयासों की गहरी समझ विकसित करने का अवसर मिलता है। प्रो. गोदारा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे न केवल अपनी व्यक्तिगत उन्नति पर ध्यान दें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने इस आयोजन के लिए बेसिक और एप्लाइड साइंसेज विभाग की प्रशंसा की और इसे एक सराहनीय पहल बताया।

### विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार किए प्रदान

बेसिक और एप्लाइड साइंसेज की डीन प्रो. प्रीति शर्मा ने कहा कि इस क्विज़ प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को ओज़ोन परत और पर्यावरण संरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# सब जगत का कर्ता परमपिता परमेश्वर विश्वकर्मा



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैदिक मतानुसार परमात्मा के असंख्य नामों में से एक नाम विश्वकर्मा भी है। विश्वकर्मा (विश्वकर्म्मा) शब्द से ईश्वर,सूर्य, वायु, अग्नि का ग्रहण होता है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में कहा है कि विश प्रवेशने- इस धातु से विश्व शब्द सिद्ध होता है। विशन्ति प्रविष्टानि सर्वाण्याकाशादीनि भूतानि यस्मिन्। यो वाऽऽकाशादिषु सर्वेषु भूतेषु प्रविष्टः स विश्व ईश्वरः। जिसमें आकाशादि सब भूत प्रवेश कर रहे हैं अथवा जो इनमें व्याप्त होके प्रविष्ट हो रहा है, इसलिए उस परमेश्वर का नाम विश्व है। यास्काचार्य ने निरुक्त 10/25 में विश्वकर्मा शब्द का यौगिक अर्थ - विश्वकर्मा सर्वस्य कर्ता तस्यैषा भवति, किया है। वेदों में विश्वकर्मा शब्द का उल्लेख अनेक स्थानों पर हुआ है। चारों वेदों में विश्वकर्मा शब्द इकहतर बार प्रमुखता से प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद के दशम मंडल (81-82) में इनकी स्तुति ईश्वर के रुप में की गई है। ऋग्वेद में विश्वकर्मा सूक्त के नाम से 11 ऋचाएं हैं। जिनके प्रत्येक मंत्र पर ऋषि विश्वकर्मा भौवन देवता आदि लिखा है। यही सूक्त यजुर्वेद अध्याय 17, सूक्त मन्त्र 16 से 31 तक 16 मंत्रों में आया है। ऋग्वेद में विश्वकर्मा शब्द एक बार इन्द्र व सूर्य के विशेषण के रूप में भी प्रयुक्त हुआ है। अन्य वेदों में भी प्रजापति आदि विशेषण के रूप में विश्वकर्मा शब्द का प्रयोग हुआ है। पूर्ण परमात्मा ने इस संसार को बनाया है। इसीलिए प्रजापति विश्वकर्मा विसुचित-कहा गया है। विश्वकर्मा नाम को परमब्रह्म परमात्मा या ईश्वर का ही एक रुप मानते हुए कहा गया है- विश्वानि कर्माणि येन यस्य वा स विश्वकर्मा। अथवा विश्वेषु कर्म यस्य वा स विश्वकर्मा। अर्थात- जगत के सम्पूर्ण कर्म जिसके द्वारा सम्पन्न होते हैं अथवा सम्पूर्ण जगत में जिसका कर्म है वह सब जगत का कर्ता परमपिता परमेश्वर विश्वकर्मा है। अर्थात जिसकी सम्यक सृष्टि और कर्म व्यापार है, वह विश्वकर्मा है। यही विश्वकर्मा प्रभु है, प्रभूत पराक्रम-प्रतिपत्र, विश्वरुप विश्वात्मा है। वेदों में विश्वतः चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वस्पात कहकर इनकी सर्वव्यापकता, सर्वज्ञता, शक्ति सम्पन्ता और अनन्तता से परिचित कराया गया है। लेकिन महाभारत के खिल भाग सहित अनेक पुराणों में प्रभात पुत्र विश्वकर्मा को आदि विश्वकर्मा कहा गया है। पौराणिक ग्रंथों में विश्वकर्मा के पांच स्वरूपों और अवतारों -सृष्टि के रचयिता- विराट विश्वकर्मा, महान् शिल्प विज्ञान विधाता और प्रभात पुत्र- धर्मवंशी विश्वकर्मा, आदि विज्ञान विधाता वसु पुत्र -अंगिरावंशी विश्वकर्मा, महान् शिल्पाचार्य विज्ञान जन्मदाता अथवी ऋषि के पौत्र- सुधन्वा विश्वकर्म, और शुक्राचार्य के पौत्र- उत्कृष्ट शिल्प विज्ञानाचार्य भृंगुवंशी विश्वकर्मा का वर्णन प्राप्य हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि प्राचीन काल में कई विश्वकर्मा हुए हैं और आगे चलकर विश्वकर्मा के गुणों को धारण करने वाले श्रेष्ठ पुरुष को विश्वकर्मा की उपाधि से अलंकृत किया जाने लगा। लेकिन प्रचलित ऐतिहासिक महापुरुष शिल्पशास्त्र के ज्ञाता विश्वकर्मा एवं वेदों के विश्वकर्मा भिन्न हैं। विश्वकर्मा शब्द के यथार्थ अर्थ के आधार पर विविध कला कौशल के आविष्कारक यद्यपि अनेक विश्वकर्मा सिद्ध हो सकते हैं। तथापि सर्वाधार सर्वकर्ता परमपिता परमात्मा ही सर्व प्रथम विश्वकर्मा है। ऐतरेय ब्राह्मणग्रन्थ के मतानुसार प्रजापतिः प्रजाः सृष्ट्वा विश्वकर्माऽभवत्। प्रजापति (परमेश्वर) प्रजा को उत्पन्न करने से सर्वप्रथम विश्वकर्मा हैं। वेद में सृष्टि का मुख्य निर्माण कारण परमात्मा को ही बताया गया है। वही सब सृष्टि को प्रकृति के उपादान कारण से बनाता है, जीवात्मा नहीं। इस कारण सर्वप्रथम विश्वकर्मा परमेश्वर है। जिस प्रकार रचनाकार के बिना सुन्दर रचनाएं नहीं हो सकती। सोने से अपने आप आभूषण नहीं बन सकता। उसी प्रकार प्रकृति से अपने आप सृष्टि नहीं बन सकती। सृष्टि को रचने वाला कोई न कोई तो होना ही चाहिए। और वह महान ईश्वर ही सृष्टि का सृष्टि कर्त्ता है। ईश्वर महान रचनाकार, विशिष्ट शिल्पी है। वही विश्वकर्मा है। परमेश्वर ने जगत को बनाने की सामग्री प्रकृति से सृष्टि की रचना की है। इसलिए वही उपासनीय है। तथा जो शिल्पविद्या के विद्वान विश्वकर्मा हुए हैं, उनमें ऋषि प्रभास के पुत्र -आदि विश्वकर्मा, ऋषि भुवन के पुत्र विश्वकर्मा, ऋषि त्वष्टा के पुत्र विश्वकर्मा आदि अनेक विश्वकर्माओं को वर्तमान के शिल्प विद्या से सम्बंधित विश्वकर्मा समाज माना जाता है।

> "पौराणिक ग्रंथों में विश्वकर्मा के पांच स्वरूपों और अवतारों -सृष्टि के रचयिता- विराट विश्वकर्मा, महान् शिल्प विज्ञान विधाता और प्रभात पुत्र- धर्मवंशी विश्वकर्मा, आदि विज्ञान विधाता वसु पुत्र -अंगिरावंशी विश्वकर्मा, महान् शिल्पाचार्य विज्ञान जन्मदाता अथवी ऋषि के पौत्र- सुधन्वा विश्वकर्म, और शुक्राचार्य के पौत्र- उत्कृष्ट शिल्प विज्ञानाचार्य भृंगुवंशी विश्वकर्मा का वर्णन प्राप्य हैं।"

उल्लेखनीय है कि वेद शिल्प विद्या अर्थात श्रम विद्या का अत्यंत गौरव गान करते हुए प्रत्येक मनुष्य के लिए निरंतर पुरुषार्थ करने का उपदेश देते हैं। वेदों में निठल्लापन को पाप माना गया है। यही कारण है कि यजुर्वेद 40/2 में कर्म करते हुए ही सौ वर्ष तक जीने की आज्ञा दी गई है। भारतीय संस्कृति में रचनाकार ईश्वर विश्वकर्मा और विश्वकर्मा का कार्य उसकी संतान को याद करने, उनका धन्यवाद करने और विश्वकर्मा ज्ञान की वृद्धि की चर्चा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 17 सितम्बर को शिल्प संकायों, कारखानों, उद्योगों में श्रम दिवस के रूप में मनाए जाने की परिपाटी है। भगवान विश्वकर्मा की महता को प्रकट करने के लिए मनाई जाने वाली इस पर्व को विश्वकर्मा पूजा के नाम से जाना जाता है। यह उत्पादन-वृद्धि और राष्टीय समृद्धि के लिए एक संकल्प दिवस है। इस तिथि को कन्या संक्रांति होती है। इस वर्ष भी 17 सितम्बर भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को कन्या संक्रांति के रवि दि. 11/9 पर है। लेकिन यह भी सत्य है कि भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा कन्या की संक्राति अर्थात 17 सितम्बर के साथ ही कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा (गोवर्धन पूजा), भाद्रपद पंचमी (अंगिरा जयंती) मई दिवस आदि भी विश्वकर्मा पूजा महोत्सव पर्व है। इन पर्वो पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विशेष

# भारत राष्ट्र के आधुनिक शिल्पकार मोदी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार



आज देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। देश उन्हें ढ़ेरों बधाईयां और शुभकामनाओं से नवाज रहा है। सैकड़ों साल बाद भारत राष्ट्र का स्वरूप, चरित्र-चिंतन और उसकी व्याख्या का दायरा एवं उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा उसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। लेकिन जब भी राष्ट्र को गढ़ने-बुनने, संवारने-सजाने एवं असमानता व अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़ा होने वाले राजनीतिक किरदारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस कतार में देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहज ही चमकते सूर्य की तरह नजर आएंगे। जिस साहस और कर्मठता के साथ उनकी सरकार लगातार 10 वर्षों से राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को पुष्ट करते हुए दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए नीतियां गढ़ एक समतामूलक समाज के निमार्ण की दिशा में आगे बढ़ रही है, वह एक कालजयी मिसाल है। प्रधानमंत्री मोदी को समझने के लिए वर्तमान समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना आवश्यक है। इसलिए कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के विरुद्ध तन कर खड़ा होने और बदले में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को नजदीक से सहा है।

आज भी उनके प्रति नफरत और द्वेष का विषवमन यथावत है। बावजूद इसके वे राष्ट्रनिर्माण की सर्जनात्मक जिद् पर अड़े हुए हैं। उनके राजनीतिक जीवन पर नजर डालें तो अति सामान्य-गरीब परिवार में पैदा हुए नरेंद्र मोदी के पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता का सिंहासन। एकमात्र राष्ट्रवादी विचारों का बल था जिसके बूते वह भारत राष्ट्र को गढ़ने का संकल्प लिया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है। साथ ही राष्ट्रविरोधी शक्तियों से मुठभेड़ का माद्दा भी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस जज्बे को जीया है। इसके बिना न तो राष्ट्र व समाज के गुणसूत्र को बदला जा सकता है और न ही सामाजिक-आर्थिक गैर-बराबरी को समाप्त कर एक महान राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश का कमान संभालते ही जिस अंदाज में राजनीति के सामंती ढांचे को उखाड़ फेकने के साथ एक समृद्ध भारत की मजबूत नींव रखी, वह आज बुलंद भारत की शानदार व शक्तिशाली तस्वीर के तौर पर सामने है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है। कहा जाता है कि अगर देश के किसान समृद्ध और स्वस्थ होंगे तो राष्ट्र के चेहरे पर मुस्कान होगा। अर्थव्यवस्था कुलांचे भरेगी। कल-कारखाने के पहिए नाच उठेंगे और रोजगार का सृजन होगा। विगत दस वर्षों के कालखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने यह कर दिखाया है। देश के किसानों की आमदनी तेजी से बढ़ी है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही कृषि क्षेत्र में आमूलचुल परिवर्तन का युग प्रारंभ हुआ। कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हुए। किसान कल्याण की भावना सरकार की रीति-नीति व नीयत का हिस्सा बन गया। सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील हुई और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए उनके विकास में जुट गयी। सरकार ने सबसे पहले देश का भाग्य संरचनात्मक रूप से कृषि और किसानों से जोड़ा और उसके सकारात्मक परिणाम सामने हैं। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया। सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। साथ ही मजदूरी, बैलों अथवा मशीनों पर आने वाला खर्च, पट्टे पर ली गयी जमीन का किराया, बीज, खाद, तथा सिचाई खर्च भी इसमें जोड़ा। यानी किसान जो मांग कर रहे थे उसे शत-प्रतिशत पूरा किया। इस पहल से किसानों की आमदनी बढ़नी शुरू हो गयी। मोदी सरकार ने कृषि और किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण से लेकर सब्सिडी, इंसेटिव और फसल बीमा का लाभ देना शुरू कर दिया। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था सरकार के प्रयास से बढ़कर 1.52 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील होने लगा है।

> "मोदी सरकार ने कृषि और किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण से लेकर सब्सिडी, इंसेटिव और फसल बीमा का लाभ देना शुरू कर दिया। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था सरकार के प्रयास से बढ़कर 1.52 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील होने लगा है।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कालखंड में भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। 2014 से पहले औंधे मुंह पड़ी विकास दर, कमरतोड़ महंगाई और उत्पादन में कमी से निपटते हुए मोदी सरकार ने मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उर्जा और ऊंचाई दी है। आज उसी का परिणाम है कि भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल किया है। अब भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्था है। ब्लुमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने ऊंची छलांग लगायी है और जीडीपी 13.5 फीसद की दर से आगे बढ़ी है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर सकता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के सतत पयास और ईमानदार नेतृत्व का ही कमाल है। गौर करें तो 2014 में भारत आर्थिक रूप से दसवें पायदान पर था। लेकिन उपभोक्ता खर्च में आई तेजी, घरेलू स्तर पर बढ़ी मांग और सेवा क्षेत्र में लगातार विस्तार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। आज उसी का नतीजा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आंकड़ों पर गौर करें तो आज भारत में सबसे ज्यादा स्मार्टफोन डेटा उपभोक्ता हैं। सबसे ज्यादा इंटरनेट यूजर्स के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। इनोवशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग लगातार सुधर रही है। देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआइ के जरिए लेन-देन बढ़ा है। एसबीआई के इकानॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआइ लेन-देन की मात्रा वर्ष 2017 में 1.8 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 8.375 करोड़ हो गई है। यह परिदृश्य एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का प्रकटीकरण है। एक ताकतवर अर्थव्यवस्था और कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि आज वैश्विक जगत में भारत की विश्वसनीयता, स्वीकार्यता और मान-सम्मान में चार चांद लगा है। प्रधानमंत्री मोदी की सफल कूटनीति से आज अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, जर्मनी, आस्टेलिया, रूस, यूएई और सऊदी अरब सरीखे देश भारत के करीब आए हैं वहीं चीन और पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर करारी शिकस्त मिल रही है। किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति को प्रभावित करना या अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। विशेष रूप से तब जब अमेरिका जैसे ताकतवर देश की विदेशनीति को प्रभावित करना हो अथवा उसे अपने अनुकूल बनाना हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह कमाल भी कर दिखाया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ...भरोसे की भैंस का रेस्क्यू



प्रीतम लखवाल
व्यंग्यकार

भारतीय संस्कृति में जीवों के प्रति दया भाव रखने की सीख बचपन से मिलती थी। समय का फेर हुआ और अब बच्चे मोबाइल से अपने हिस्से की जानकारी जुटा लेते हैं। या यूं कहें कि उन पर जानकारी थोप दी जाती है। अब जीव दया के बारे में उन्हें बताओ तो वो हमें ही खंडहर की तरह नकार देते हैं। जीव दया से याद आया कि जब हमारी नानी-दादी ये कहते सुनी जाती थी कि 'भरोसे की भैंस न पाड़ा देती है न पाड़ी' तो उसका शाब्दिक अर्थ समझ में नहीं आता था।

उनका यह कहना शायद 'भरोसा टूटने' जैसा कोई घटनाक्रम रहा होगा। आज के संदर्भ में कहें तो भरोसे की भैंस को लेकर जितने किस्से हैं उतने तो पहले कभी हुए ही नहीं, क्योंकि ये भरोसे की भैंस कभी भी कहीं गहरे पानी में चली जाती है। वैसे 'गई भैंस पानी में' कहावत भी शायद भैंस के नेचर को अधिक पारदर्शिता से उल्लेखित करने के लिए ही बनी है। उसके इस नेचर से ज्यादा उस भरोसे की चर्चा ज्यादा महत्व की हो जाती है और लोग उसके पानी से निकलने का इंतजार करते रहते हैं। यह भी एक तरह का भरोसा ही है। आखिर वह भैंस ही तो है, जो गई अपनी मर्जी से तो निकलेगी भी उसकी मर्जी से। उधर, मंत्री की भैंस गायब हुई थी और इधर, अब जनता की भरोसे की भैंस भी कहीं नजर नहीं आ रही है। रोजगार के भरोसे बैठे युवा भी सरकार की तरफ इस भरोसे से टकटकी लगाए बैठे रहते हैं कि वह नौकरियों की बरसात कर देगी। अभी एकाध महीने पहले की घटना है। देश के एक संपन्न राज्य में पुलिस भर्ती निकली। 48 लाख युवा इस भरोसे की भैंस पर सवार होकर परीक्षा देने पहुंचे कि वो 'पुलिस' बनकर अपना जीवन यापन कर लेंगे।

'देश भक्ति जन सेवा' बाद में देखेंगे। आश्चर्य की बात इसमें यह रही कि एक बड़े राज्य जिसे पूर्व का विपक्ष बीमारू बताया करता था, वहां से ही एक लाख युवा इस भरोसे की भैंस पर सवार थे। लाखों की भीड़ में पुलिस बनने के चांस केवल 68 हजार युवाओं के हाथ में बताए गए। वैसे भी हम हिंदुस्तानी हमेशा सकारात्मक अधिक सोचते हैं। मंत्री की भैंस कैसे भी कहीं भी जाए, लेकिन हमारा विश्वास है कि सरकार हमारा कल्याण जरूर करेगी। चुनाव आते ही वादों के रथ पर सवार होकर उम्मीद की किरण दिखती है और फिर से भरोसे की भैंस पानी में उतर जाती है।

इधर, सरकार ने निर्णय लिया कि जनता की 'भरोसे की भैंस' का रेस्क्यू करवाया जाए। सदन में ताबड़तोड़ निर्णय पारित हो गया। तुरत-फुरत पुलिस, होमगार्ड, एनडीआरफ, एसडीआरएफ जैसे बचाव दलों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वह 'गई भैंस पानी में' की पूरी हिकमत अमली से जांच करे और उस भरोसे की भैंस को बाहर निकाले जो जनता के लिए पाड़ा या पाड़ी भले ही न जने, लेकिन उम्मीद का दूध और मक्खन जरूर दे। ज्यादा पुरानी घटना नहीं है। एक चुनाव तो इस भरोसे की भैंस के नाम पर ही लड़ लिया गया। हमारा पड़ोसी देश हाथ मलता रह गया। उसके नाम का इस्तेमाल तक नहीं हुआ। ब्रेकिंग न्यूज़ यह भी आई कि मंत्री जी की भैंस को ढूंढकर लाने वाले होनहार पुलिस जवानों को भी भरोसे की भैंस के रेस्क्यू में झोंक दिया गया। सरकार बहादुर हर बार चुनावों के दौरान इतने सारे भरोसे के बछड़े(पाड़े) छोड़ देते हैं कि उनके बड़े होने तक दूसरा चुनाव आ जाता है और 'भरोसे की भैंस' फिर पानी में चली जाती है कभी-कभी तो वह कीचड़ में लौट लगाती है, ठीक जनता की तरह जो अंध विश्वास और जात-पात के कीचड़ को लपेटे फिरती रहती है। भरोसे की भैंस आज उस गाय से अधिक प्रिय और चहेती है, जिसका गोबर और मूत्र पवित्रता के लिए स्थान पाता है। चुनाव पर चुनाव निकले जा रहे हैं और भरोसे की भैंस का रेस्क्यू शायद अगले चुनाव तक जारी है।

## प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन जन्मदिवस पर विशेष

# एक माया-ए-नाज़ मुसव्विर



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एमएफ हुसैन के नाम से पूरी दुनिया में मशहूर मकबूल फिदा हुसैन ऐसे मुसव्विर हुए हैं, जिनकी मुसव्विरी के फ़न के चर्चे आज भी आम हैं। दुनिया से रुख़सत हुए उन्हें एक दहाई होने को आई, मगर उनकी यादें अभी भी ज़ेहन में ज़िंदा हैं। चित्रकला के तो वे जैसे पर्याय ही थे। भारतीय आधुनिक चित्रकला को न सिर्फ़ उन्होंने आम अवाम तक पहुंचाया, बल्कि मुल्क की सरहदों के पार भी ले गए। वे देश के ऐसे पहले चित्रकार थे, जिनकी पेंटिंग्स दुनिया के नामी नीलामघरों में ऊंची कीमत पर बिकती थीं।


बोनहाम नीलामी में उनका शीर्षक रहित एक तैल चित्र तकरीबन सवा करोड़ रुपए में बिका था। जिसमें उन्होंने अपने मनपसंद सिंबल घोड़ा और लालटेन को ही बुनियाद बनाया था। यह सिंबल तो जैसे उनकी पहचान थे। घोड़ों की पेंटिंग्स देखकर, लोगों के तसव्वुर में एमएफ हुसैन का ही अक्स झलकता है। मुसव्विरी के उनके इस आला फन की एक और ख़ासियत, हमारे मुल्क की सदियों पुरानी तहज़ीब के मिथकीय किरदारों को एक ज़ुदा अंदाज़ में पेश करना था। मुस्लिम घर में पैदा होने के बाद भी उन्होंने हिंदू धर्म और उसके देवी-देवताओं को अलग-अलग आयामों से चित्रित किया। उन्हें भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी। 'रामायण' और 'महाभारत' की उन्होंने जो चित्रमालाएं बनाईं, वे लाजवाब हैं। यह चित्रांकन और व्याख्या उन्होंने आधुनिक मुहावरे और नज़रिए से की। हुसैन द्वारा बनाए गए मदर टेरेसा, माधुरी दीक्षित और मराठी स्त्रियों की पेंटिग्स यदि देखें, तो मालूम चलता है कि उनके दिल में महिलाओं के लिए क्या मर्तबा और इज़्ज़त थी। औरत की ताकत को उन्होंने बड़े ही उद्दाम तरीके से चित्रित किया है। एक इंटरव्यू में जब उनसे ये सवाल पूछा गया, ''आप माधुरी दीक्षित के इतने दीवाने क्यों हैं ?'' इस



सवाल का एमएफ हुसैन ने जो ज़वाब दिया, वह औरत के जानिब उनकी हकीकी सोच को दिखलाता है, मेरी वालिदा बचपन में ही दुनिया छोड़ गईं थीं। मुझे ठीक से उनकी शक्ल भी याद नहीं। हां, कुछ तस्वीरें थीं उनकी जिन्हें देखा था। माधुरी को देखता हूं, तो सोचता हूं कि मेरी वालिदा भी इस उम्र में इतनी ही ख़ूबसूरत रही होंगी। ज़िंदगी भर मैं मदर टेरेसा, दुर्गा, सरस्वती और दुनिया की तमाम औरतों में अपनी वालिदा को ही ढूंढता रहा।'' 'जमीन', 'बिटवीन स्पाइडर एंड द लैंप', 'मराठी वूमेन', 'मदर एंड चाइल्ड', 'श्वेतांबरी', 'थ्योरामा', 'द हार्स दैट रेड', 'सेकेंड एक्ट' जैसी शानदार कला कृतियां उनके कूची से निकलीं। एमएफ हुसैन के कैनवास का दायरा जितना विशाल था, उतनी ही उनमें एनर्जी थी। सत्यजित रे की फिल्मों से लेकर मुग़ल-ए-आज़म फिल्म के ऊपर उन्होंने अपनी पेंटिग्स बनाईं थीं। ग़ालिब, इकबाल, फैज़, रबीन्द्रनाथ टैगोर, शरतचंद्र जैसे अदीबों के उन्होंने चित्र बनाए, तो अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर की शख्सियत को भी रेखांकित किया। राज्यसभा के मेंबर रहते हुए संसद में बैठे-बैठे उन्होंने कई रेखांकन और नेताओं के कैरिकेचर बनाए। जो एक किताब 'संसद उपनिषद' में संकलित हैं। देश-विदेश में उन्होंने जितनी प्रदर्शनियां कीं, उतनी दुनिया के शायद ही किसी दूसरे कलाकार ने की होंगी।

महाराष्ट्र के पंढरपुर में 17 सितम्बर, 1915 को जन्मे मकबूल फिदा हुसैन की मुसव्विरी की शुरुआत मुंबई में फिल्मों के पोस्टर बनाने से हुई। दीगर चित्रकारों की तरह वे भी पहले यथार्थवादी शैली में चित्रण किया करते थे। आरा, सूजा, रज़ा, राइबा और गाडे के साथ मुंबई के प्रोग्रसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप से जुड़े, तब उन्होंने यथार्थवादी शैली छोड़कर 'अभिव्यंजनावाद' अपना लिया। अभिव्यंजनावादी चित्रों की श्रंखला चल ही रही थी कि कोलकाता में यामिनी राय से मुलाकात हुई। उनके ग्रामीण और लोककला से परिपूर्ण चित्र देखे, तो ख़ुद भी ऐसे चित्र बनाने लगे। बदरीविशाल पित्ती ने उन्हें यूरोप की यात्रा पर भेजा, तो इटली में 'रेनेसां' पेंटिंग्स ने उन्हें ख़ास तौर पर मुतासिर किया। वहां से लौटने पर उन्होंने कुछ अरसे तक 'क्लासिकल' शैली के चित्र बनाए। एफएफ हुसैन एक हरफनमौला कलाकर थे। मुसव्विरी के अलावा उन्होंने कविता, आर्टिकल लिखे, फिल्में बनाईं। अपनी आत्मकथा 'अपनी कहानी : हुसैन की जुबानी' लिखी। यानी जहां भी उन्हें मौका मिला, अपने आप को व्याख्यायित किया। अपने फन के ज़रिए लोगों को तालीम दी। हुसैन ने 'गजगामिनी' समेत कई फिल्मों का निर्माण व निर्देशन किया। 'गजगामिनी' में उन्होंने मशहूर अदाकार माधुरी दीक्षित को लिया। उनकी अनेक पेंटिंग बनाईं, जो काफी चर्चित रहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**मदन राठौड़,** अध्यक्ष, राजस्थान भाजपा
@madanrrathore

भाजपा विचारधारा आधारित वो पार्टी है जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा में 'बूथ जीते तो चुनाव जीते' नीति पर कार्य करते हुए आमजन को जोड़ा जाता है। भाजपा अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य कर रही है। भाजपा का सदस्यता अभियान भी इसी बूथ प्रबंधन को मजबूती प्रदान करेगा।

### J&K चुनाव: कांग्रेस का घोषणा पत्र 'हाथ बदलेगा हालात' जारी... राज्य का दर्जा बहाल करने समेत कई महत्वपूर्ण वादे

# युवाओं पर नजर... प्रतिमाह 3,500 रुपए व 1 लाख नौकरियों की गारंटी

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाने का वादा किया है।

पार्टी ने सत्ता में आने पर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने, युवाओं को एक वर्ष के लिए प्रतिमाह 3500 रुपए दिए जाने तथा सरकारी नौकरियों में रिक्त पड़े एक लाख सरकारी पदों को भरा जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणा पत्र 'हाथ बदलेगा हालात' जारी किया। खेड़ा ने कहा कि हम भूमिहीनों, जोतदार और भू-स्वामी कृषक परिवारों को प्रति वर्ष 4,000 रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मुहैया कराएंगे। इसके अलावा पार्टी के वादों में प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर सभी फसलों की बीमा का प्रावधान और सेब के लिए 72 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी भी शामिल है। 'हाथ' कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिह्न है। खेड़ा ने कहा कि पिछले 10 साल से कश्मीर के जो हालात हैं, उससे कश्मीर का दिल जख्मों से भर गया है। लेकिन अब उन जख्मों पर मरहम लगाने का वक्त आ गया है। जम्मू-कश्मीर में एक लंबी रात खत्म होने वाली है और सुबह होने को है। उन्होंने कहा कि यहां पिछले 10 साल से दिल्ली की एक ऐसा शासन चल रहा है, जिसमें लोगों की आवाज नहीं सुनी जा रही। यही ध्यान में रखते हुए 22 जिलों में हमारी टीम गई, लोगों से बात की और उसी के तहत हमारा घोषणा पत्र तैयार किया गया। ये घोषणा पत्र सिर्फ एक कागज का पुलिंदा नहीं है। ये हमारी गारंटी है। ये हक की बात है, जिसे हम पूरा कर के देंगे।




### कांग्रेस का दावा: हाथ ऐसे बदलेगा हालात

- जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएंगे
- घर की मुखिया महिला को हर महीने ₹3000 रुपए
- स्वयं सहायता समूहों के लिए ₹5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त कर्ज
- हर परिवार को ₹25 लाख तक का हेल्थ बीमा
- 30 मिनट में सस्ती हेल्थ सर्विस
- हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक
- हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल
- कश्मीरी पंडितों का हक
- कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए डॉ. मनमोहन सिंह की योजना पूरी तरह लागू होगी
- संविधान के तहत पिछड़े वर्ग को पूरा हक
- सरकारी नौकरियों के लिए 1 लाख खाली पद भरेंगे
- परिवार के हर सदस्य को 11 किलो राशन
- पार्टी सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर अल्पसंख्यक आयोग का गठन

## मेरा केवल इनेलो-BSP से गठबंधन: गोपाल कांडा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी रोहतास जांगड़ा के नामांकन वापस लेने के बाद सिरसा की सीट सुर्खियों में आ गई है। भाजपा प्रत्याशी के मैदान से हटने के पीछे माना गया था कि पार्टी ने गोपाल कांडा के लिए अपना प्रत्याशी वापस लिया है। इसके बाद राज्य की राजनीति गरमा गई थी और सवाल खड़े हो रहे थे कि भाजपा-इनेलो और बसापा में कोई अंदरुनी सांठगांठ है, क्योंकि गोपाल कांडा हरियाणा लोकहित पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं, उन्हें इनेलो और बसपा गठबंधन से समर्थन दिया है। कांडा ने सिरसा में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा उनका सिर्फ इनेलो और बीएसपी से गठबंधन है। उन्होंने साफ किया कि उन्होंने भाजपा से कभी भी समर्थन नहीं मांगा। न भाजपा से उनके पास किसी का फोन आया। कांडा ने कहा उनके कार्यालय में कोई भाजपा का आदमी नहीं है।

## अडाणी समूह को दिए प्रोजेक्ट, कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में अडाणी समूह को 6600 मेगावाट की थर्मल और नवीकरणीय ऊर्जा की बोली जीतने पर कांग्रेस ने महायुति सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि ये रेवड़ियां राज्य के उपभोक्ताओं पर टैरिफ का बोझ डालेंगीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार हार की ओर बढ़ रही है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पीएम से कई प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि क्या ये सच नहीं है कि 13 मार्च, 2024 को 1600 मेगावाट थर्मल और 5000 मेगावाट की बोलियों के लिए महाराष्ट्र सरकार ने निविदा के नियम और शर्तें प्रतिस्पर्धा को कम करने के लिए मानक बोली दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया था? रमेश ने पूछा कि क्या परियोजना लागत का 28,000 करोड़ रुपए पूरी तरह से महाराष्ट्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नियंत्रित एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।

### J&K विधानसभा चुनाव: रैली में गरजे अमित शाह

# आतंकवाद को पाताल में दफना देंगे... दो संविधान, दो झंडे नहीं

**एजेंसी । श्रीनगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाना अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है और भारतीय संविधान में अब इसके लिए कोई जगह नहीं है। जम्मू कश्मीर में फिर कभी दो संविधान, दो प्रधान या दो झंडे नहीं होंगे। राष्ट्रीय तिरंगा ही एकमात्र झंडा होगा। उन्होंने कहा कि यहां आतंकवाद को पातल में दफन कर देंगे।

गृह मंत्री शाह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंन कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव में एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा है। उन्होंने कहा कि, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने सत्ता में आने आर्टिकल 370 को बहाल करने का वादा किया है। पहाड़ी और गुज्जर समुदायों को दिया जाने वाला मौजूदा आरक्षण आर्टिकल 370 के तहत नहीं दिया जा सकता है।



### नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस आतंकवाद की पोषक

शाह ने आरोप लगाया कि नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन हमेशा से आतंकवाद का पोषक रहा है। जब-जब घाटी में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की सरकार आई, तब-तब यहां आतंकवाद को बढ़ावा मिला है। याद कीजिए 90 के दशक को... मैं फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि आप यहां के मुख्यमंत्री थे, राजीव गांधी के साथ समझौता करके चुन कर आए। जब हमारी घाटी खून से लथपथ हो गई तो आप कहां थे? वे चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर फिर आतंक हो।

### आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के हो रहे हैं प्रयास

उन्होंने कहा, 1990 की तरह यहां आतंकवाद को फिर से मजबूत करने के आज भी प्रयास हो रहे है,। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने यहां कुछ वादे किए हैं कि उनकी सरकार आएगी तो आतंकवादियों को छोड़ देंगे। मैं आज आप लोगों को कहता हूं कि ये नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी की हिम्मत नहीं है, जो भारत की भूमि पर आतंकवाद फैलाए। उन्होंने कहा कि हमने विभाजन के दिन देखे। 1990 में आतंकवाद के दिन देखे। चंद्रिका शर्मा हों या परिहार बंधु हों... सभी ने कुर्बानियां दीं। मैं आज इस क्षेत्र सहित जम्मू-कश्मीर की जनता से वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इतना नीचे दफन करेंगे कि कभी बाहर नहीं आ पाएगा।

### अनुच्छेद 370 बहाल हुआ तो गुज्जरों व पहाड़ियों को नहीं मिल सकेगा आरक्षण

अमित शाह ने कहा, 'एक ओर वे लोग (नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस) आतंक से लैस जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं, तो दूसरी ओर पीए मोदी विकसित कश्मीर बनाना चाहते हैं। गृहमंत्री ने कहा, पहाड़ी और गुज्जर भाइयों को जो आरक्षण मिलता है, अनुच्छेद 370 बहाल होने पर वह नहीं मिल पाएगा। मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं, न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किश्तवाड़ की ये भूमि बलिदानियों की भूमि है। कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण जब भारत का विभाजन हुआ तो रियासत जम्मू कश्मीर कहां जाएगी, इसका फैसला करने में नेहरू की शेख-परस्त नीतियों के कारण बड़ी देर हुई। जब-जब जम्मू-कश्मीर पर संकट आया, किश्तवाड़ के लोग बलिदान देने में पीछे नहीं हटे। 1990 के आतंकवाद के दौरान सुरक्षा बलों के साथ मिलकर यहां का हर नागरिक लड़ा और आतंकवाद को समाप्त करने में अपना योगदान दिया।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव पर चिदंबरम की दो टूक, विपक्षी गठबंधन नहीं पक्ष में

# सरकार के पास जरूरी संख्या बल नहीं, पांच संशोधनों की होगी जरूरत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के मुद्दे पर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा संविधान के तहत यह संभव नहीं है। आप इसे लाना ही चाहते हैं तो इसके लिए कम से कम पांच संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन संवैधानिक संशोधनों को करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास लोकसभा और राज्यसभा में पर्याप्त संख्या नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा विपक्षी गठबंधन इंडिया पूरी तरह से एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध करता है।

दरअसल, हाल ही में कई ऐसी खबरें आई हैं कि केंद्र सरकार एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय में इसी कार्यकाल में कुछ बड़ा फैसला ले सकती है। भाजपा की तरफ से लगाए गए आरक्षण विरोधी होने के आरोपों को खारिज करते हुए चिदंबरम ने कहा कि हम वो लोग हैं जो कहते रहे हैं कि आबादी के अनुसार 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को निश्चित रूप से हटाया जाना चाहिए। हम वो हैं, जो जाति जनगणना की बात करते हैं। हम कहते हैं कि आरक्षण निश्चित रूप से आबादी के अनुसार होना चाहिए। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उनकी हर बात पर विश्वास नहीं करें। ज्ञात रहे कि प्रधानमंत्री मोदी ने गत दिनों कुरुक्षेत्र में एक रैली में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि कांग्रेस के परिवार की मंशा दलितों का आरक्षण खत्म करने की है।



चिदंबरम ने हरियाणा में कांग्रेस के सीएम फेस को लेकर कहा कि पार्टी में आम तौर पर यही होता है कि चुनाव संपन्न होने के बाद विधायक इकट्ठा होते हैं और उनसे उनकी प्राथमिकताएं पूछी जाती हैं। तब आलाकमान घोषणा करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। मुझे लगता है कि हरियाणा में भी यही दोहराया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा डबल इंजन वाली सरकार चलाने की शेखी बघारती है। लेकिन इसकी हकीकत पूरा देश जानने लगा है एक सरकार बिना ईंधन की है और दूसरे का इंजन ही पूरा खराब है। अब समय आ गया है कि जनता इन दोनों सरकारों को उठा कर कूड़े के ढ़ेर में फेंक दे। आम आदमी पार्टी को लेकर उन्होंने कहा कि वह हरियाणा में कांग्रेस की सहयोगी नहीं है और इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी नसीहत

# संस्थानों पर टिप्पणी करते समय रहें सचेत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों समेत कई संस्थाएं कठिन परिस्थितियों में अपना कर्तव्य निभाती हैं। इन संस्थाओं को हर तरह की गड़बड़ियों पर नजर रखनी होती है। एक नकारात्मक टिप्पणी उन्हें हतोत्साहित कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसी को भी देश के अहम संस्थानों के बारे में टिप्पणी करने को लेकर सचेत रहना चाहिए। धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा



कि सभी संस्थानों को लोकतांत्रिक मूल्यों और सांवैधानिक आदर्शों को पोषित करने के लिए मिलकर और एकजुटता से काम करने की जरूरत है। राज्य के सभी अंगों का एक ही उद्देश्य है कि आम आदमी को सभी अधिकार मिलें और भारत समृद्ध हो। धनखड़ ने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा नहीं देनी चाहिए। गत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामले में सुनवाई करते हुए एक अहम टिप्पणी की थी। पीठ में शामिल जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा था कि एजेंसी को पिंजरे के तोते वाली छवि से बाहर निकलना चाहिए।

### त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन

# पाकिस्तान दुनिया का नासूर, ऑपरेशन जरूरी: योगी

**अगरतला।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा में कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है और इसका इलाज बगैर ऑपरेशन के नामुमकिन है। योगी ने सोमवार को सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को



विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं।

### बंगलादेश वाली गलती यहां न हो

योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

### अयोध्या, मथुरा व काशी आस्था के प्रमुख स्तंभ

उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिन: की बात करता है।

### दिल्ली: आप की राजनीतिक समिति की बैठक

# केजरीवाल आज देंगे इस्तीफा... वन टू वन मीटिंग में नए CM पर जानी राय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में मुख्यमंत्री के संभावित बदलाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार शाम 4:30 बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात करेंगे। संभवतः वह अपने पद से इस्तीफा भी दे देंगे।

वहीं, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर मंत्रणा शुरू कर दी है। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की सोमवार को मुख्यमंत्री हाउस में बैठक हुई। इसमें दिल्ली के अगले सीएम और कैबिनेट से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी के

### विधायक दल की बैठक आज, नए सीएम के नाम पर फैसला संभव

#### आज क्या

- सुबह 11.30 बजे विधायक दल की बैठक
- नए मुख्यमंत्री के नाम पर होगी चर्चा
- शाम 4.30 बजे केजरीवाल उपराज्यपाल को देंगे इस्तीफा

अधिकतर बड़े नेताओं ने हिस्सा लिया। संजय सिंह जम्मू और संदीप पाठक हरियाणा में होने के कारण शामिल नहीं हुए। सीएम केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद राजनीतिक मामलों की समिति की यह पहली बैठक है।



बैठक के बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीएम ने सभी नेताओं और मंत्रियों से नए मुख्यमंत्री के विषय में वन टू वन चर्चा की। उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने कि रविवार को दि सीएम केजरीवाल ने घोषणा की थी कि वह मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे देंगे

भारद्वाज ने कहा, जो भी सीएम चेहरा होगा, वह उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति के समक्ष दावा पेश करेगा। विधायक हमारे साथ हैं। इसलिए जाहिर है कि उस व्यक्ति को बुलाया जाएगा जो शपथ लेगा। मुझे लगता है कि पूरी प्रक्रिया एक हफ्ते के भीतर पूरी हो जानी चाहिए। दिल्ली के लोग चुनाव को लेकर उत्सुक हैं, ताकि वे अरविंद केजरीवाल को फिर से सीएम बना सकें।

### केजरीवाल की पत्नी भी CM पद की दौड़ में शामिल

इस बीच, दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा. इसको लेकर कयास तेज हो गए हैं। सीएम पद की रेस में संभावित दावेदारों में सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, मंत्री आतिशी कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज के नाम चर्चा में हैं। कयास इस बात के भी हैं कि आम आदमी पार्टी मंत्री कैलाश गहलोत, गोपाल राय और इमरान खान के नामों पर भी सीएम दावेदारों के तौर पर विचार कर सकती है।

### राखी बिड़ला को 'ट्रंप कार्ड' बना सकते हैं अरविंद केजरीवाल!

सूत्रों के अनुसार अरविंद केजरीवाल आतिशी और सुनीता केजरीवाल की बजाय राखी बिड़ला को अपने उत्तराधिकारी के रूप में चुन सकते हैं। तर्क दिया जा रहा है कि राखी बिड़ला के जरिए वह एक साथ कई निशाने साध सकते हैं। एक तरफ जहां वह महिला को मुख्यमंत्री बनाकर आधी आबादी को संदेश दे सकते हैं तो दूसरी तरफ दलित कार्ड भी खेल सकते हैं। राखी बिड़ला आम आदमी पार्टी के साथ अन्ना आंदोलन के दौर से ही जुड़ी हुई हैं। राखी बिड़ला मंगोलपुरी सीट से विधायक होने के साथ अभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर भी हैं। ज्ञात रहे कि हाल ही में पार्टी के दो बड़े दलित चेहरे उसका साथ छोड़ चुके हैं। पहले मंत्री राजकुमार आनंद और फिर पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने पार्टी में दलितों-पिछड़ों को सही मौका नहीं दिए जाने का आरोप लगाकर इस्तीफा दे चुके हैं। राजकुमार आनंद बसपा होते हुए भाजपा में जा चुके हैं तो गौतम ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया। सूत्रों का कहना है कि दोनों दलित नेताओं के जाने से पार्टी को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई राखी बिड़ला को मुख्यमंत्री बनाकर की जा सकती है।

## जरूरी खबर

### J&K: पहले चरण के लिए प्रचार थमा, वोटिंग कल



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनावी शोर सोमवार को थम गया। पहले दौर में यहां की 24 सीटों के लिए बुधवार को मतदान होगा। इससे पहले चुनाव आयोग ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण में 24 सीटों पर कुल 219 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। कश्मीर घाटी की 16 सीटों जबकि जम्मू संभाग की आठ सीटों के लिए मतदान होगा।। प्रथम चरण की सबसे चर्चित सीट में बिजबेहरा शामिल हैं। अनन्तनाग जिले में पड़ने वाली बिजबेहरा सीट से जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा चुनाव लड़ रही हैं। यह सीट मुफ्ती परिवार का गढ़ मानी जाती रही है।

### मणिपुर: पांच जिलों में इंटरनेट पर से बैन हटाया



**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य के पांच जिलों में इंटरनेट पर लगी पाबंदी को सोमवार को हटा दिया है. आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार के मुताबिक प्रदेश सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर इंटरनेट पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया है। राज्य में जारी हिंसा के मद्देनजर सरकार ने ऐहतियाती के तहत 10 सितंबर को इंटरनेट पर रोक लगा दी गई थी। राज्य सरकार ने 13 सितंबर को ब्रॉडबैंड सेवाओं से सशर्त रोक हटाई थी। **म्यांमार का नागरिक पकड़ा:** मणिपुर में असल राइफल्स द्वारा म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है।

### पीएम मोदी को मिले 600 तोहफे होंगे नीलाम

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक पदक विजेताओं के जूते और अन्य वस्तुओं से लेकर राम मंदिर की प्रतिकृति और चांदी की एक वीणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उन तोहफों और स्मृति चिह्नों में शामिल है, जिनकी जल्द नीलामी की जाएगी। संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को बताया कि नीलामी के लिए रखी जानी वाली इन वस्तुओं का कुल आधार मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ रुपए होगा। शेखावत ने यहां नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में, प्रधानमंत्री को मिले स्मृति चिह्न का प्रदर्शन करने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## पीएम मोदी ने किया मेट्रो में सफर



*__अहमदाबाद।__ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदबाद-भुज मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। बाद में उन्होंने मेट्रो में सफर भी किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो में सफर कर रहे यात्रियों से भी बातचीत की।*

### राहुल पर शिंदे गुट के MLA ने विवादित टिप्पणी की



**बुलढाणा(महाराष्ट)।** आरक्षण के मुद्दे पर अमेरिका में राहुल गांधी के बयान के बाद शिवसेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड ने सोमवार को विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि एक विवादित टिप्पणी करते हुए 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। गायकवाड के विवादित बयान से हड़कंप मच गया। संजय गायकवाड ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सभी पिछड़े वर्ग समुदायों और ओबीसी समुदाय को इस विचार से गुमराह किया कि अब आरक्षण समाप्त हो जाएगा। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि देश में आरक्षण समाप्त करने की आवश्यकता है। इस बयान में राहुल गांधी का असली चेहरा आज लोगों के सामने आ गया है।

## पीएम मोदी ने दी 8,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

# नफरत से भरे कुछ लोग देश की एकता नष्ट करना चाहते हैं: PM

एजेंसी | अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग भारत की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए विवादास्पद बयान की पृष्ठभूमि में आई है। तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करने के बाद अपने गृह राज्य गुजरात के पहले दौरे पर आए मोदी ने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पहले पीएम मोदी ने

अहमदाबाद में 8,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी या उद्घाटन किया। इसमें भुज-अहमदाबाद 'नमो भारत' रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाना भी शामिल है। मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए किसी का नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टीकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में विपक्ष द्वारा उनका अपमान किया गया, उनका उपहास किया गया और उनका मखौल उड़ाया गया,

### यह भी बोले पीएम मोदी: मेरा अपमान किया... मखौल उड़ाया



#### लोगों के लिए खुद को बलिदान करने का फैसला

मोदी ने कहा कि उन्होंने लोगों के लिए खुद को बलिदान करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, अगर मैं जीता हूं, तो आपके लिए जीता हूं, अगर मैं संघर्ष करता हूं, तो आपके लिए संघर्ष करता हूं और अगर मैं खुद को बलिदान करता हूं, तो यह आपके लिए होगा।

#### वंदे मेट्रो अब होगी नमो भारत रैपिड रेल

गुजरात के भुज और अहमदाबाद के बीच दौड़ने को तैयार वंदे मेट्रो का नाम उद्घाटन से कुछ घंटे पहले बदल दिया गया। अब इस मेट्रो को नमो भारत रैपिड रेल के नाम से जाना जाएगा। रेलवे के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी साझा की। पीएम मोदी सोमवार शाम वर्चुअली नमो भारत रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाई।

#### 17 शहर सोलर शहर के रूप में होंगे विकसित

पीएम मोदी ने सोमवार को गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) के उद्घाटन अवसर पर कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को सोलर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान राम सूर्यवंशी थे। अब अयोध्या के हर घर, दफ्तर और सेवाओं का संचालन सोलर से होगा। हमने देश मेंत ऐसे 17 शहरों की पहचान की है, जिन्हें सोलर एनर्जी शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को मॉडल सोलर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान राम सूर्यवंशी थे। अब अयोध्या के हर घर, दफ्तर और सेवाओं का संचालन सोलर से होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की खातिर कृषि क्षेत्र में सोलर का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर बनने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए हमने करीब 20 हजार करोड़ रुपए का ग्रीन हाइड्रोजन मिशन लांच किया है।

## भारत ने दिखाया आईना

# अंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांके ईरान

■ ईरानी सुप्रीम नेता की टिप्पणी की निंदा

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई के एक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और दो टूक कहा है कि दूसरों पर उंगली उठाने से पहले ईरान को अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने एक सख्त बयान में है, कि हम ईरान के सर्वोच्च नेता द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं। ये गलत सूचना पर आधारित और अस्वीकार्य हैं। अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को सलाह है कि वे दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड देख लें। ज्ञात रहे कि खामेनेई ने आपत्तिजनक टिप्पणी तब की है जब उनका देश खुद सुन्नी मुस्लिम और जातीय अल्पसंख्यकों के दमन के लिए दुनिया भर में बदनाम है और लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचनाओं का सामना करता रहा है।



#### ईरान ने भारत पर यह मढ़ा आरोप

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर हम म्यांमार, गाजा, भारत या किसी अन्य स्थान पर किसी मुस्लिम को होने वाली पीड़ा से बेखबर हैं, तो हमें खुद को मुसलमान नहीं मानना चाहिए। खामेनेई ने कहा है कि भारत में मुसलमानों का उत्पीड़न हो रहा है। पैगंबर मोहम्मद की जयंती पर सोमवार को उन्होंने यह बात कही और दुनिया भर के मुसलमानों के बीच एकजुटता की जरूरत बताई। खामनेई ने भारत की तुलना गाजा और म्यांमार से की है और उसी के साथ एक लाइन में खड़ा कर दिया।

## महिला सुरक्षा पर बोले सीजेआई चंद्रचूड़...

# मानसिकता बदलने की जरूरत सख्त कानूनों की कमी नहीं

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी नहीं है। अकेले सख्त कानून से न्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती। समाज के पितृ सत्तात्मक रवैये को बदलने के लिए मानसिकता को बदलने की जरूरत है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें संस्थागत और व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। एक कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थितियों में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए लक्षित ठोस और प्रक्रियात्मक कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है। लेकिन कड़े

## कोलकाता: महिला डॉक्टर से रेप व हत्या का मामला: प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की सीएम ममता से वार्ता

# स्वास्थ्य निदेशक व कोलकाता पुलिस आयुक्त हटाए जाएंगे

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच सोमवार को बैठक 2 घंटे तक चली। बैठक के दौरान जूनियर डॉक्टरों ने अपनी पांच मांगें रखीं। बैठक के निष्कर्षों का अभी खुलासा नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ,स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक और कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को पद से हटाने की घोषणा की। आंदोलनकारी डाक्टरों के साथ बैठक के बाद सीएम ने यह फैसला लिया है।

#### सबूतों से छेड़छाड़ की गई

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टरों ने सोमवार को प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाया। एक बयान में डॉक्टरों ने कहा कि वे चाहते हैं कि संबद्ध प्राधिकारें, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और उच्चतम न्यायालय जांच प्रक्रिया में तेजी लाए और बिना विलंब किये दोषियों को दंडित करे।

#### ये हैं जूनियर डॉक्टरों की पांच मांगें

- 1. आरजी कर कांड के दोषियों को सजा
- 2. आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ सख्त कार्रवाई और स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य निदेशक एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा निदेशक को पद से हटाना
- 3. कोलकाता पुलिस आयुक्त को पद से हटाना व कोलकाता पुलिस के डीसी (नार्थ) व डीसी सेंट्रल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई
- 4. सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना
- 5. सरकारी अस्पतालों में धमकी की संस्कृति को खत्म करना

## पीएम मोदी का 74 वां जन्मदिन व राजग सरकार 3-0 के 100 दिन

# भाजपा शुरू करेगी सेवा पखवाड़ा... देश को मिल सकती हैं कई सौगात

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपना 74वां जन्मदिन मनाएंगे। उनका जन्म दिन इस बार बेहद खास होने वाला है। इस अवसर पर भाजपा देशभर में सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। उनके जन्मदिन के मौके पर ही 17 सितंबर को उनके तीसरे कार्यकाल के 100 दिन भी पूरे हो रहे हैं। पीएम मोदी ने आम चुनाव से पहले ही 100 दिनों का रोडमैप तैयार कर लिया था। वहीं, कांग्रेस ने 100 दिनें के एजेंडे में विफल होने की बात कही है।

भाजहपा प्रवक्ता के अनुसार, सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल



उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाते हुए सेवा परमो धर्म को चरितार्थ किया जाएगा। सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, चित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी व वृक्षारोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

#### ओडिशा: महिलाओं को हर साल 10,000 रुपए नकद

पीएम मोदी अपने जन्मदिन पर ओडिशा सरकार की 'सुभद्रा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा पीएम कई अन्य सामाजिक कल्याण परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। ज्य भर में करीब एक करोड़ महिलाओं को सुभद्रा योजना के तहत कवर किया जाएगा। इसके तहत 21 से 60 वर्ष की आयु की प्रत्येक महिला को पांच साल तक दो किस्तों में सालाना 10,000 रुपए नकद ट्रांसफर किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों के अनुसार, राज्य की करीब एक लाख महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होंगी, जहां प्रधानमंत्री महिला लाभार्थियों को आर्थिक सहायता की पहली किस्त वितरित करेंगे।

#### 800 किलो बाजरे से बनाई पीएम मोदी की पेंटिंग

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर 13 वर्षीय लड़की ने 800 किलोग्राम बाजरे का इस्तेमाल करके पीएम मोदी की पेंटिंग बनाई है। यह दुनिया की सबसे बड़ी मिलेट पेंटिंग है और इस तरह से वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गया। उसने इस कलाकृति को 12 घंटे में पूरा कर लिया। इस लड़की का नाम प्रेस्ली शेकिना है जो चेन्नई के वेल्लाम्मल स्कूल की छात्रा है। उसने पीएम के जन्मदिन को खास तरह से मनाने की इच्छा लेकर इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रेस्ली शेकिना ने सुबह 8:30 बजे पेंटिंग बनानी शुरू की और रात 8:30 बजे इसे पूरा कर लिया। पीएम मोदी की यह कलाकृति 600 वर्ग फुट में फैली हुई है।।। प्रेस्ली शेकिना के पिता प्रताप सेल्वम और माता सांकीर हैं। उनकी बेटी की इस उपलब्धि को यूनिको वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से मान्यता भी मिल गई है। यूनिको वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निदेशक आर. शिवरामन ने बच्ची को सर्टिफिकेट और पदक प्रदान किया।

#### सरकार ने 100 दिन में उठाए हैं कई अहम कदम: किसान निधि, कौशल सुधार और विकास को रफ्तार

- तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले मोदी सरकार ने पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी थी। इसके तहत करीब 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए दिए गए। कई फसलों पर 100 से लेकर 550 रुपए तक की एमएसपी वृद्धि का फैसला किया गया। इसके अलावा सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ा दी गई है जिसका लाभ भी किसानों को मिल सकता है।
- कौशल विकास मिशन के तहत 4.1 करोड़ युवाओं के कौशल सुधार और रोजगार सृजन के लिए दो लाख करोड़ रुपएका पैकेज बजद में घोषित किया गया। सरकार ने घोषणा की है कि 1 करोड़ युवाओं 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का लाभ मिललेगा।
- सरकार का दावा है कि 100 दिनों में 11 लाख लखपति दीदी बनी हैं। ये ऐसी महिलाएं हैं जो कि साल में 1 लाख से ज्यादा कमा सकती हैं।
- सरकार में शामिल लोगों का कहना है कि 100 दिनों में मोदी सरकार ने 15 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।
- ऐसे प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है जिसमें 25000 गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ना और वाधवान में मेगा पोर्ट बनाना शामिल है।
- देश में 75 हजार मेडिकल सीटों की बढ़ोतरी।
- 70 साल से अधिक आयु के सभी नागरिकों को हर साल 5 लाख रुपए तक का मेडिकल कवर

पिच पर नारी शक्ति ने दिखाया जुनून

# बॉक्स क्रिकेट: महिलाओं ने लगाए चौके-छक्के फिक्की फ्लो ने दर्ज की शानदार जीत

बेधड़क.जयपुर। बॉलीवुड मूवी दंगल का डायलॉग म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के तो सबने सुना ही होगा। वहीं जब जयपुर की एलीट लेडीज क्रिकेट खेलने उतरीं तो वह डायलॉग सच होता दिखाई दिया। इस दौरान महिलाओं ने जमकर बॉक्स क्रिकेट खेला और चौके-छक्के लगाते हुए पुरुष प्रधान समझे जाने वाले इस खेल में प्रतिभा दर्शाई। ये अनूठा नजारा था बॉक्स क्रिकेट मैच का, जिसमें फिक्की फ्लो जयपुर महिला टीम ने अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में वोसा महिला टीम के खिलाफ मुकाबला खेला गया।





### जीत को बताया सामूहिक उपलब्धि

फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार ने इस जीत पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे खेल आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया, जो सदस्यों के बीच टीम भावना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। पोद्दार ने दोनों टीमों के प्रयासों की सराहना की और इस जीत को सभी फिक्की फ्लो सदस्यों की सामूहिक उपलब्धि बताते हुए चीयरअप किया। एम्पेरियल क्लब के साथ यह सहयोग फिक्की फ्लो की ओर से किए गए एक और सफल पहल को दर्शा गया। जीत के बाद सभी लेडीज ने जश्न मनाते हुए ग्रुप फोटोग्राफ्स कराई और यादों को संजोते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

### दिखाई दिया मजबूत टीम वर्क

आयोजन शाम 5:30 से 7:30 बजे तक डे-नाइट किया गया, जिसमें सशक्त महिलाओं ने ना केवल अपनी खेलकूद की प्रतिभा का बल्कि उनके मजबूत टीम वर्क और समर्पण को दर्शाया। दो घंटे का उत्साहजनक खेल दोनों टीमों के जुनून और दृढ़ संकल्प को साबित कर गया, जिससे यादगार मैच बन पाया। इस मौके पर फिक्की फ्लो जयपुर महिला टीम ने अपने बेहतरीन तालमेल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना की बदौलत शानदार जीत दर्ज की। आयोजन ने महिलाओं की शक्ति और एकता का जश्न मनाया और यह साबित किया कि चाहे व्यवसाय हो या खेल फिक्की महिलाएं प्रेरित करती हैं।



## स्लम्स के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति




**बेधड़क. जयपुर।** सेवा भारती समिति मानसरोवर भाग दो का गायत्री भवन मानसरोवर में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान दुपट्टा व मोमेंटो देकर किया गया। अतिथियों में ओम प्रकाश अग्रवाल, आरआरडी गुप्ता, डॉ. पुष्कर तिवारी, मांगीलाल पालीवाल, सुरेश मोहन जोशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्लम्स के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। संदेश देने वाली नृत्य नाटिकाएं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण आदि पर आधारित परफॉर्मेंस हुईं।

## कार्यकारिणी सदस्यों ने ली शपथ



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीहरि नगर विकास समिति जयपुर (रजिस्टर्ड) के आम चुनावों में पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद यादव ने कार्यकारिणी को समिति संविधान की शपथ दिलाई। अध्यक्ष पद पर राम गुलाम सिंह, उपाध्यक्ष के दो पदों पर हीरालाल राम और कमल ठाकुर, महासचिव पर शंभू यादव, मंत्री पद पर विजय सिंह, कोषाध्यक्ष पर विक्की अग्रवाल, सचिव पर गोपाल कुमार और प्रवक्ता पद पर रमाकांत पाण्डेय को शपथ ग्रहण दिलाई गई।

## 'यमराज का निमंत्रण' ने बटोरी तालियां




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के श्योपुर के श्रीचन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में 'यमराज का निमंत्रण' नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान डिम्पल पाटनी, माधुरी बोहरा, दिव्या बाकलीवाल, अमिता साह, मिनाक्षी, जूली, श्वेता, रिंकू, सोनम जैन ने मुख्य भूमिका निभाई। नाटक का निर्देशन अमिता साह व दिव्या बाकलीवाल ने किया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन, प्रतापनगर जोन महामंत्री त्रिलोक चन्द जैन, जयपुर ग्रामीण जोन महामंत्री अमन जैन सहित कई ने सहभागिता निभाई। युवा मण्डल अध्यक्ष निमेश जैन ने सभी का स्वागत किया।

# City इवेंट्स

## राधारानी का छठी महोत्सव मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** वृषभानु दुलारी श्री राधारानी का सोमवार को छठी महोत्सव मनाया गया। बाबाश्री शुकदेवदास निम्बार्क संत आश्रम नायला में आयोजित उत्सव में महंत सर्वेश्वरशरण महाराज तथा सेवाकुंज आश्रम के महंत बाबा कल्याणदास महाराज के सान्निध्य में भजन व बधाइयों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इस दौरान वस्त्र, मिठाई, खिलौने, फल इत्यादि की उछाल लुटाई गई।

## उत्तम आकिंचन्य लक्षण मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के प्रताप नगर स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मासरत उपाध्याय उर्जयन्त सागरजी महाराज के सान्निध्य में वीतराग धर्म का उत्तम आकिंचन्य लक्षण मनाया। पारस जैन बिची व पुरण गंगवाल चौरू ने बताया कि इस मौके पर सुबह श्रीजी के अभिषेक व विश्व में सुख समृद्धि और शांति की मंगल कामना करते हुए मंत्रोच्चार से शांतिधारा की गई। मंदिर समिति अध्यक्ष कमलेश जैन बावड़ी ने बताया कि शाम को महाआरती व भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान के बाद मनीष जैन टोरडी व जिनेन्द्र जैन जीतू के निर्देशन में धार्मिक हाऊजी का आयोजन किया गया।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता चिंकारा कप




**बेधड़क. जयपुर।** कैवेलरी पोलो ग्राउंड पर खेले गए टूर्नामेंट में जयपुर पोलो टीम ने मेफेयर पोलो टीम को शिकस्त देकर चिंकारा कप (06 गोल) अपने नाम किया। जयपुर पोलो टीम ने मेफेयर पोलो टीम को 7-3 के स्कोर से मात दी। विजेता टीम से लांस वॉटसन ने 5 गोल और सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया। मेफेयर पोलो से सिमरन सिंह शेरगिल ने 2 गोल और अनय ने 1 गोल किया।

'योग-व्यक्ति को समाज से जोड़ने की साधना'

## अपने कर्तव्य को निष्ठा के साथ करना ही योग है: हनुमंत राव




बेधड़क | जयपुर

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी जयपुर शाखा व इंडियन योगा एसोसिएशन राजस्थान चैप्टर की ओर से 'योग-व्यक्ति को समाज से जोड़ने की साधना' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र जयपुर के नगर प्रमुख चेतन प्रकाश गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बताया कि हर बीज में एक अद्भुत शक्ति होती है। जैसे आम की एक गुठली वृक्ष बनाकर पेड़ को फलों से भरपूर कर देती है और अपने जैसे लाखों करोड़ों वृक्ष बना देती है। यह ऊर्जा शक्ति की अनन्त क्षमता को बताता है।

राव ने बताया कि राग, द्वेष, अहंकार, ममकार को खत्म करने की प्रक्रिया योग साधना है। मैं ही हूं-एक डॉक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति अर्थात मैं का स्वरूप अहंकार का भाग है। हमारे अंदर जो शक्ति विद्यमान है वह एक ही है, हमसे पृथक नहीं है। सभी अभ्यासों का परिणाम मेरा आवरण दूर कर चैतन्यता का प्रकटीकरण है। योग एक साधना है। सभी साधना का अभ्यास ही योग है। देह बुद्धि को छोड़कर आत्म बुद्धि के मार्ग पर बढ़ना योग है। व्यष्टि से समष्टि को जोड़ने के लिए अपनी ऊर्जा को समायोजित करना योग है। कर्तव्य को निष्ठा से करना योग है। विहित कर्म करना भी योग है। श्री कृष्ण गीता में कहते हैं कि विहित कर्म करना योग व पुण्य कार्य है तथा निषिद्ध कर्म करना ही पाप है।

इस अवसर पर जय शर्मा दीदी ने योगमय जीवन हमारा गीत प्रस्तुत किया। डॉ. स्वतंत्र शर्मा ने केंद्र और इंडियन योगा एसोसिएशन का परिचय दिया। सूर्य प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। भगवान सिंह चौहान ने अतिथियों व आगंतुकों का आभार जताया।

## जैन प्रतिभा सम्मान 21 सितम्बर को



**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फैडरेशन के तहत जैन सोशल ग्रुप महानगर जयपुर की ओर से 21 सितम्बर को इन्द्रलोक सभागार में राज्य स्तरीय जैन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सी एस जैन व रवि प्रकाश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में 2024 में 10वीं-12वीं में 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र, सीए, सीएमए, सीएस, पास करने वाले, राजपत्रित सेवा में चयन होने वाले, पीएचडी उपाधि प्राप्त करने, आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू, मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने व अन्य विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान किया जाएगा।

इंफ्ल्यूएंसर सहित 250 लोगों ने की शिरकत

## रॉयल अंदाज में किया जयपुराइट्स ने चीयरअप




बेधड़क | जयपुर

पिंकसिटी में फेस्टिव सीजन का रॉयल वेलकम करने को हर कोई तैयार है। ऐसे में जयपुराइट्स एक प्लेटफॉर्म पर आए और गेट टू गेदर करते हुए एंजॉय किया। पंकज व रीमा कोठारी ने एफबीएस के साथ द रॉयल सूट्स पार्टी ऑर्गनाइज की। जहां शहर के इंफ्ल्यूएंसर सहित 250 लोगों ने शिरकत करते हुए एक-दूसरे को विश किया।

पंकज ने बताया कि हमेशा से ही महिलाएं ट्रेंडी, स्टाइलिश और अपडेटेड रहती हैं। फाउंडर रीमा कोठारी ने कहा, कि आयोजन का उद्देश्य आज के दौड़ती-भागती जिंदगी में स्वयं के लिए टाइम निकालकर खुद पर ध्यान देना था। वहीं न्यू जनरेशन युवराज व करिश्मा ने मार्केट रिसर्च में समझे अपनी नोलेज को शेयर करते हुए पुरुषों को स्टाइलिश रहने के बारे में बताया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि एफबीएस जयपुराइट्स के लिए कुछ नया करने की कोशिश में है। ऐसे में नए आइडियाज के साथ जयपुराइट्स को एक छत के नीचे लाकर एक्सपिरियंस शेयर करते हैं।

इस मौके पर सुधीर माथुर, राज बंसल, मनोज टीब्रेवाल, विशाल माथुर अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने अपने एक्सपीरियंस शेयर करते हुए न्यू जनरेशन का मार्गदर्शन किया। वहीं सभी ने ट्रेंड फूड्स को एंजॉय करते हुए फोटो सेशन में हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिता** दो दिवसीय 7वां मंथली गोल्फ टूर्नामेंट संपन्न

# जयपुर ओपन सुपर लीग में गोल्फर्स ने लगाए शॉर्ट्स

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय 7वां मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग 2024' का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 4 हाउस (अल्बर्ट, जयगढ़, नाहरगढ़ और आमेर हाउस) से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में हेमेंद्र चौधरी (जयगढ़ हाउस) ग्रॉस विनर रहे।

वहीं मनोविराज शेखावत (अल्बर्ट हाउस) ग्रॉस रनरअप रहे। टूर्नामेंट के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उप-विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर क्लब के कार्यकारी समिति सदस्य राजीव सबिखी, योगेश बंसल, अजय सिंह खींची और राजीव गांधी उपस्थित रहे।



**नियरेस्ट टू पिन श्रेणी में गिर्राज विजेता:** अन्य श्रेणियों के विजेताओं में नियरेस्ट टू पिन श्रेणी में गिर्राज एस खड़का (आमेर हाउस) विजेता रहे तो लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता देवव्रत सिंह (नाहरगढ़ हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव-वेटरन के विजेता प्रदीप टांक (नाहरगढ़ हाउस) रहे। इसी तरह स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार नरेश रावतानी (जयगढ़ हाउस) और स्ट्रेट ड्राइव-वेटरन का खिताब प्रकाश टेकवानी (जयगढ़ हाउस) ने जीता। पुरस्कार समारोह के दौरान सभी विजेताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए चीयरअप किया और ग्रुप फोटोग्राफी कराते हुए यादों को संजोया।

### ये रहे विजेता

शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में लेफ्टिनेंट कर्नल राकेश.के. लांबा (आमेर हाउस) विजेता और उप-विजेता कामरान शम्सी (अल्बर्ट हाउस) रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में अनुप एस राष्ट्रवर (नाहरगढ़ हाउस) विजेता और उप-विजेता वेदांत पचीसिया (आमेर हाउस) थे। वहीं हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में धनंजय सिंह राठौड़ (आमेर हाउस) विजेता और डॉ. राकेश थापर (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। टूर्नामेंट में वेटरन गोल्फर के विजेता सुनील मेहरोत्रा (आमेर हाउस) और उप-विजेता अमी लाल मीणा (आमेर हाउस) रहे। वहीं लेडीज गोल्फर के विजेता का पुरस्कार शिक्षा जैन (अल्बर्ट हाउस) ने हासिल किया और उप-विजेता वृंदा सैनी (आमेर हाउस) रहीं।

जिसमें निर्णय लेने की क्षमता नहीं, उससे अधिक दुःखी मनुष्य कोई नहीं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## भारत ने तूफान 'यागी' से प्रभावित वियतनाम, म्यांमार और लाओस को भेजी राहत सामग्री

# भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन सद्भाव'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत सरकार ने तूफान यागी से प्रभावित देशों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए ऑपरेशन सद्भाव की शुरुआत की। ऑपरेशन सद्भाव के तहत भारत ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित वियतनाम, म्यांमार और लाओस के प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए राहत सामग्री भेजी गई है।

भारत की तरफ से एक विशेष विमान द्वारा 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की 35 टन मानवीय सहायता की खेप वियतनाम पहुंचाई गई। इसमें जल शोधन सामग्री, पानी के कंटेनर, कंबल, रसोई के बर्तन और सौर लालटेन आदि शामिल हैं। भारतीय नौसेना के आईएनएस सतपुरा के जरिये म्यांमार को 10 टन राहत सामग्री भेजी गई। इसमें सूखा राशन, कपड़े और दवाइयां शामिल हैं। लाओस को भी 10 टन सहायता सामग्री भेजी गई है, जिसमें जेनसेट, जल शोधन सामग्री, स्वच्छता आपूर्ति, मच्छरदानी, कंबल और स्लीपिंग बैग शामिल हैं। वियतनाम को मानवीय सहायता दोनों देशों के बीच स्थायी घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है, जो भारत-वियतनाम व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में जानी जाती है।



***मोदी ने वियतनाम के पीएम से की बात:*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वियतनाम में तूफान के तुरंत बाद प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से बात कर अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की थी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी वियतनाम के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री बुई थान सोन से बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की थीं। भारत तूफान यागी से प्रभावित देशों को सबसे पहले मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने वालों में से एक है। ऑपरेशन सद्भाव भारत के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो आसियान क्षेत्र के भीतर HADR में योगदान करने के लिए है। यह भारत की दीर्घकालिक 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के अनुरूप है।

### तूफान यागी मारे गए सैकड़ों लोग

तूफान यागी एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है, जिसने इस साल वियतनाम को प्रभावित किया, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। तूफान के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिससे भीषण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। तूफान के कारण बुनियादी ढांचा और परिवहन को काफी नुकसान पहुंचा है, वहीं बचाव और पुनर्वास के प्रयासों में बड़ी कठिनाई आ रही है। स्थानीय प्रशासन हालात को संभालने और प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

**म्यांमार: बाढ़ में 100 लोगों की मौत:** म्यांमार में तूफान यागी के कारण भारी बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। सत्तारूढ़ सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 113 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 64 लोग लापता हैं। बाढ़ की वजह से 3,20,000 से ज्यादा लोगों को अस्थायी आश्रयों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।





## गोल्फ क्लब में गोलीबारी को FBI ने माना हत्या का प्रयास

# हमलावर के निशाने पर थे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप...

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर राष्ट्रपति चुनावों से पहले दूसरी बार हमला हुआ है। दूसरा हमला किसी चुनावी रैली में नहीं बल्कि फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेलने के दौरान हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रंप दोपहर करीबन 1:30 के समय गोल्फ खेल रहे थे तभी अचानक से गोलियों की आवाजें आनें लगीं। आवाज सुनते ही सुरक्षाकर्मियों ने ट्रंप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और उसके बाद इलाका पूरा सील किया गया। पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने कहा कि संदिग्ध ट्रंप से 300 से 500 गज की दूरी पर आ गया था। अगर किसी के पास राइफल और दूरबीन हो तो ये दूरी ज्यादा नहीं मानी जा सकती। एफबीआई ने कहा कि गोलीबारी की एक और घटना को ट्रंप पर हमले का प्रयास माना जा रहा है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।



### पुलिस हिरासत में संदिग्ध

गोलीबारी के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उसकी पहचान 58 वर्षीय रियान वेल्से राउथ के तौर पर हुई। उसके पूर्व में दिए गए इंटरव्यू में राउथ ने खुद को यूक्रेन का प्रबल समर्थक बताया है। उसने बताया कि वो रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में लड़ने के लिए कीव भी गया था। जांच एजेंसियों ने उसके पास से एके-47, एक स्कोप, दो बैकपैक और एक ग्रो पो डिवाइस बरामद किया है। कहा जा रहा है कि राउथ ने हत्या के इरादे से इलाके में गो प्रो सेट कर लिया था और स्नाइपर भी लगा ली थी। उसने पूरा सेट अप गोल्फ कोर्स की झाड़ियों के बीच तैयार किया हुआ था। वहां वह ट्रंप के आने की प्रतीक्षा में लेटा था। राउथ कैरोलिना का निवासी है। डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन करता है। उसने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन किया हुआ है। इसके अलावा उसने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जो बाइडेन, कमला हैरिस को फुल सपोर्ट दिया हुआ है।

### चुनावी रैली के वक्त भी हुआ था ट्रंप पर हमला

इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर जुलाई महीने में एक चुनावी रैली के वक्त जानलेवा हमला हुआ था। गोली चलाने वाले हमलावर ने उस समय गोली चलाई थी जब ट्रंप मंच से बोल रहे थे। खुशकिस्मती से गोली ट्रंप को नुकसान नहीं पहुंचा पाई और कान को छूकर निकल गई। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने ट्रंप को अपने पीछे करके उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जांच के बाद पता चला गोली थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नाम के शख्स ने चलाई थी। क्रूक्स को लेकर जानकारी सामने आई थी कि उसने 2021 में बाइडेन की डेमोक्रेट पार्टी को 15 डॉलर का चंदा दिया था।

### हिंसा के लिए कोई जगह नहीं

कमला हैरिस ने एक बयान में यह भी कहा कि अमेरिका में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। ट्रंप के करीबी दोस्त सीन हैनिटी ने कहा कि उन्होंने घटना के बाद ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति के गोल्फ पार्टनर स्टीव विटकॉफ दोनों से बात की। उन्होंने हैनिटी को बताया कि वे पांचवें होल पर थे और पुट तक जाने ही वाले थे कि उन्होंने कुछ आवाजें सुनी। उन्होंने कहा कि विटकॉफ ने बताया कुछ ही सेकंड के भीतर, सीक्रेट सर्विस एजेंट ट्रंप पर झपटे और उन्हें बचाने के लिए उन्हें ढक दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

ट्रंप इस वीकेंड वेस्ट कोस्ट झूले से फ्लोरिडा लौट आए थे, जिसमें लास वेगास में शुक्रवार रात की रैली और यूटा फंडरेजर शामिल था. वह अक्सर सुबह का समय गोल्फ खेलने में बिताते हैं. जुलाई में हत्या के प्रयास के बाद से उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. बाहरी रैलियों में, वह अब बुलेटप्रूफ शीशे के घेरे के पीछे से बोलते हैं।

### बंद था गोल्फ कोर्स

ट्रंप के खेलने के दौरान फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया था, लेकिन इसके आसपास कई क्षेत्र हैं जहां गोल्फ खिलाड़ी दिखाई दे सकते हैं। सीक्रेट सर्विस एजेंट और अधिकारी आम तौर पर ट्रंप के खेलने के दौरान उनके आगे और पीछे के क्षेत्र की सुरक्षा करते हैं

## शंघाई में बेबिन्का की दस्तक

# 75 साल बाद आया खतरनाक तूफान

**एजेंसी** | बीजिंग

चक्रवाती तूफान (टाइफून) बेबिन्का चीन के प्रमुख समुद्र तटीय शहर शंघाई से टकराया गया है। इसके चलते सोमवार सुबह से शंघाई और आसपास के इलाके में जबरदस्त आंधी के साथ भारी बारिश हुई।

इस दौरान हवाओं की रफ्तार 151 किलोमीटर प्रतिघंटा (94 मील प्रति घंटे) तक पहुंच गई। यह पिछले 75 साल में चीन के वित्तीय केंद्र शंघाई से टकराने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है।

इस तूफान के चलते शंघाई में पिछले दो दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और रेल सेवाएं भी स्थगित कर दी गई हैं। शंघाई में सभी हाईवे बंद कर दिए गए और बस व रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है।



यह संकट ऐसे वक्त आया है, जब चीन में मिड-ऑटम फेस्टिवल की छुट्टियां चल रही हैं। टाइफून बेबिन्का शंघाई में सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पहुंचा और यह टाइफून ग्लोरिया के बाद सबसे शक्तिशाली तूफान है, जो कि 1949 में आया था। शंघाई में ऐसा शक्तिशाली तूफान आमतौर पर नहीं आता, क्योंकि अधिकांश टाइफून साउथ चाइना से टकराते हैं।

### शंघाई डिज्नी रिजॉर्ट समेत कई टूरिस्ट प्लेस बंद

टाइफून बेबिन्का कैटेगरी-1 का तूफान है। इस तूफान के चलते शंघाई डिज्नी रिजॉर्ट, जिनजियांग मनोरंजन पार्क और शंघाई वाइल्ड एनिमल पार्क जैसे कई प्रमुख पर्यटन स्थल अस्थाई रूप से बंद करने पड़े हैं। कई फेरी सर्विस भी रोकी गई हैं। शंघाई से जुड़ने वाले कई राजमार्गों को बंद कर दिया गया। यांग्त्जी नदी डेल्टा के पार चलने वाली कुछ ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया है।

## नाइजीरिया के जामफारा में हुआ हादसा

# नाव पलटने से 41 की मौत, 12 को बचाया

**एजेंसी** | अबुजा

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य जामफारा में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई, वहीं 12 अन्य को रेस्क्यू कर्मियों ने बचा लिया। नाइजीरिया के संघीय प्रतिनिधि सभा में गुम्मी-बुक्कुयुम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय विधायक सुलेमान गुम्मी ने बताया कि नाव में 50 से अधिक यात्री और चालक दल सवार थे। उन्होंने कहा कि नाव जम्फारा के गुम्मी स्थानीय सरकारी क्षेत्र के गुम्मी कस्बे के पास नदी में पलट गई। गुम्मी ने बताया कि यात्री किसान थे जो रोजाना नाव से पास के इलाके में अपने खेतों पर जाते थे। एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों सहित अन्य कर्मचारियों को घटनास्थल पर तुरंत भेज दिया। कम से कम एक दर्जन लोगों को जीवित बचा लिया गया। जम्फारा राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख हसन दौरा ने स्थानीय मीडिया से एक इंटरव्यू में कहा कि इस घटना में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। पश्चिमी अफ्रीकी देश में नाव पलटने की दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl